TNF TODAY

# टीएनएफ टुडे

थॉट्स न्यूज फैक्ट्स टुडे

tnftoday | tnftoday

www.tnftoday.com / epaper ▮ Trial Edition

▮ पृष्ठ- 08 ▮ वर्ष-01 अंक-15 ▮ मूल्य ₹ 7 ▮ मंगलवार ▮ दिनांक- 14.07.2026


अतिक्रमण हटाने में भी मनमानी (पेज-3)

# पर्यावरण संरक्षण को बच्चों के उपाय सुन बड़े-बड़े रह गए दंग

## पर्यावरण संरक्षण को 'संसदीय सत्र' आयोजित, 11 'राज्यों' ने रखी अपनी नीति

- जिले के 11 प्रमुख विद्यालयों के ईको क्लबों ने की सहभागिता
- सान्वी, वैष्णवी और रिया को ग्रीन इनोवेटर अवार्ड दिया गया

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

सोमवार को नगर निगम का सदन पर्यावरण संरक्षण के संदेश और संकल्प को लेकर संसदीय सदन के रूप में नजर आया। अलग-अलग राज्य के रूप में सहभागिता कर रहे जिले के प्रमुख 11 स्कूलों के ईको क्लबों ने अपने-अपने राज्य की नीति प्रस्तुत की। इन स्कूलों के बच्चों ने पर्यावरण की शुद्धता बनाए रखने के लिए बेहद सरल और सुगम उपाय बताए। ये उपाय सुन उपस्थित अधिकारी और विशेषज्ञ भी दंग रह गए। पर्यावरण सरंक्षण के लिए विभिन्न वर्गों में प्रभावी प्रस्तुति पर प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया गया।

ये आयोजन नगर निगम मथुरा-वृन्दावन एवं प्रोजेक्ट मथुरा के संयुक्त प्रयास से आयोजित किया गया था। 'क्लाइमेट पे चर्चा 2-0'के नाम से आयोजित इस कार्यक्रम के लिए पूरे हॉल को संसदीय सत्र जैसा स्वरूप दिया गया। सभागार को हाउस बनाया गया और इसमें सहभागिता करने वाले 11 ईको क्लबों को अलग-अलग राज्य का रूप दिया गया। राज्य का आशय उस स्कूल के ईको क्लब से था और हर राज्य ने पर्यावरण संरक्षण को अपनी-अपनी बात रखी। मंच पर मौजूद नगर निगम के अधिकारी और प्रोजेक्ट मथुरा की टीम 'बोर्ड' की भूमिका में थी।

समीक्षा चरण (वेस्ट मैनेजमेंट) विषय पर पहले दौर में 'क्लाइमेट पे चर्चा 1.0' के कार्यों की समीक्षा हुई। वीडियो और प्रजेंटेशन के दम पर आर्मी पब्लिक स्कूल ने प्रथम, रमनलाल शोरावाला पब्लिक स्कूल ने द्वितीय और कान्हा माखन मिलेनियम स्कूल ने तृतीय स्थान हासिल किया।पुराने अखबारों से पेपर बैग बनाने का सुझाव देने वाली बिरला स्कूल की सान्वी, जरूरत से ज्यादा खरीदारी पर रोक लगाने की बात कहने वाली माउंट लिटेरा जी स्कूल की वैष्णवी और कपड़े के बैग के नियमित इस्तेमाल पर जोर देने वाली संस्कार पब्लिक स्कूल की रिया को 'ग्रीन इनोवेटर अवॉर्ड' से नवाजा गया। प्लास्टिक मुक्त पर्यटन पर विचार रखने के लिए माउंट हिल स्कॉलर्स की अवनी (मोबाइल ऐप का सुझाव), रमनलाल शोरावाला की ज्योति (टूरिस्ट गाइड के जरिए संदेश) और जयपुरिया स्कूल की अनामिका (नुक्कड़ नाटक का सुझाव) को 'इको लीडरशिप अवॉर्ड' दिया गया।



सोमवार को क्लाइमेट पे चर्चा कार्यकम के दौरान स्कूली बच्चों को संबोधित करते नगर आयुक्त ओजस्वी राज।

### जो सीखें, उसे समाज तक ले जाएं: नगर आयुक्त

मथुरा में अपने कार्यकाल के पहले ही दिन बच्चों के बीच पहुंचे नवागत नगर आयुक्त ओजस्वी राज ने इस पहल को अद्भुत बताया। उन्होंने कहा, ''बदलाव तभी आएगा जब हर व्यक्ति अपने शहर की जिम्मेदारी खुद लेगा। बच्चों की यह ऊर्जा देखकर मैं बेहद उत्साहित हूं।'' अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार ने एक जरूरी मुद्दे की तरफ ध्यान खींचते हुए कहा कि लोग धार्मिक आयोजनों में प्रसाद तो बांटते हैं, लेकिन उसके बाद होने वाले कचरे को डस्टबिन तक पहुंचाना भी हमारी ही जिम्मेदारी है।



पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रभावी उपाय बताने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित करते नगर आयुक्त ओजस्वी राज।

### 'क्लाइमेट पे चर्चा 3.0'

प्रोजेक्ट मथुरा के संस्थापक सीए विपुल अग्रवाल ने बताया कि नगर निगम के साथ मिलकर व्यवहार परिवर्तन की यह मुहिम लगातार जारी रहेगी। उन्होंने घोषणा की कि 15 अगस्त के बाद 'क्लाइमेट पे चर्चा 3.0' का आयोजन किया जाएगा, जिसके लिए प्रोजेक्ट मथुरा की टीम पहले ही स्कूलों में जाकर वर्कशॉप करेगी। स्वच्छता विशेषज्ञ ऋषभ दुबे ने इस दौरान बर्तन बैंक, डोनेशन सेंटर और फूड बैंक जैसी पहलों की उपयोगिता समझाई। कार्यक्रम का समापन नटराज थिएटर ग्रुप के एक दमदार नुक्कड़ नाटक के साथ हुआ। इस पूरे भव्य और अनोखे संसदीय कार्यक्रम की रूपरेखा और संचालन प्रोजेक्ट मथुरा की टीम द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के स्वयंसेवकों मनीष, अर्पिता, अमन, केशव, उदय, देवेंद्र, साक्षी, जसमिंदर, दिव्या, नवज्योति एवं आशीष का विशेष योगदान रहा।

# भारत में घुसने का प्रयास कर रहा था पाकिस्तानी घुसपैठिया, तभी आ गये बीएसएफ जवान

एजेंसी, चंडीगढ़।



जम्मू-कश्मीर के कठुआ में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पाकिस्तानी घुसपैठिये की नाकाम कोशिश ने एक बार फिर साफ कर दिया कि सीमा पार बैठे तत्व भारत की सुरक्षा को चुनौती देने की साजिशों से बाज नहीं आ रहे हैं। दूसरी ओर पिछले डेढ़ महीने से भी अधिक समय से चल रहा विशाल अभियान ऑपरेशन शेरुवाली इस बात का प्रमाण है कि आतंकवाद के बचे हुए नेटवर्क को पूरी तरह खत्म करने के लिए सुरक्षा बल लगातार मैदान में डटे हुए हैं। इसी बीच अलगाववादियों का महिमामंडन करने वाली पुस्तकों के प्रकाशन और वितरण के मामले में हुई कार्रवाई ने यह संकेत भी दे दिया है कि अब केवल बंदूक उठाने वालों पर ही नहीं, बल्कि अलगाववाद की सोच फैलाने वाले हर माध्यम पर भी सख्त प्रहार किया जाएगा।

इसके अलावा, सीमा पर लगातार हो रही ऐसी गतिविधियों के बीच सुरक्षा बलों का सबसे बड़ा अभियान भी पूरे दमखम के साथ जारी है। तेइस मई से शुरू हुआ ऑपरेशन शेरुवाली अब डेढ़ महीने से भी अधिक समय पार कर चुका है और इसे जम्मू-कश्मीर के सबसे लंबे लगातार चलने वाले आतंकवाद विरोधी अभियानों में गिना जा रहा है। भारतीय सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल संयुक्त रूप से इस अभियान को अंजाम दे रहे हैं। इसका मुख्य लक्ष्य राजौरी जिले के मंजाकोट क्षेत्र के दोरीमल और गंभीर मुगलान के घने जंगलों में छिपे संदिग्ध आतंकवादियों का पूरी तरह सफाया करना है।

हम आपको बता दें कि दुर्गम पहाड़ी इलाकों और घने जंगलों में चल रहे इस अभियान के दौरान सुरक्षा बल हर संभव आधुनिक संसाधन का उपयोग कर रहे हैं। निगरानी के अत्याधुनिक उपकरण, मानवरहित विमान और खोजी कुत्तों की मदद से पूरे इलाके की लगातार तलाशी ली जा रही है। जंगलों के भीतर आतंकवादियों के संभावित ठिकानों को खंगाला जा रहा है और उनके भागने के सभी रास्तों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। सुरक्षा एजेंसियों का स्पष्ट संदेश है कि सीमा पार से भेजे गए आतंकवादियों के लिए जम्मू-कश्मीर की धरती पर अब कोई सुरक्षित ठिकाना नहीं बचेगा। कठुआ में घुसपैठ की नाकाम कोशिश और राजौरी में लगातार जारी व्यापक अभियान यह दिखाते हैं कि सीमा सुरक्षा और आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई अब एक साथ और पूरी ताकत के साथ चल रही है।

इसी बीच, जम्मू कश्मीर में अलगाववादियों के महिमामंडन से जुड़ी पुस्तकों के मामले में भी जांच तेजी से आगे बढ़ रही है। एक स्थानीय अदालत ने इस मामले में गिरफ्तार तीन प्रकाशकों को दस दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है। काउंटर इंटेलिजेंस इकाई ने सरकारी पुस्तकालयों तक पहुंची कुछ पुस्तकों में अलगाववादी नेताओं का महिमामंडन करने वाली सामग्री मिलने के बाद जांच शुरू की थी। इसी जांच के तहत रविवार को तीनों प्रकाशकों को गिरफ्तार किया गया।

जांच के दायरे में आई विवादित पुस्तकों में हिलाल अहमद और संतोष मीणा द्वारा लिखित तथा जम्मू की ओबेराय बुक सर्विस द्वारा प्रकाशित एक पुस्तक और सुशांत गिरी द्वारा लिखित तथा दिल्ली के अनुराग प्रकाशन द्वारा प्रकाशित दूसरी पुस्तक शामिल है। गिरफ्तार किए गए प्रकाशकों में ओबेराय बुक सर्विस के इंद्रपाल तथा नोएडा स्थित डोमिनेंट पब्लिशर्स के अमरदीप सिंह और गिरीश अरोडा शामिल हैं। तीनों को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से अदालत में पेश किया गया, जहां आगे की जांच के लिए दस दिन की पुलिस हिरासत मंजूर कर दी गई।

इससे पहले सरकार ओबेराय बुक सर्विस और डोमिनेंट पब्लिशर्स को काली सूची में डाल चुकी है। छह जुलाई को काउंटर इंटेलिजेंस की टीमों ने दोनों संस्थानों के परिसरों पर छापेमारी भी की थी। चार जुलाई को इस मामले में भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के साथ गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। यह कार्रवाई उस समय और तेज हुई जब उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने स्कूल शिक्षा विभाग के आठ अधिकारियों को निलंबित किया, एक संविदा कर्मचारी को बर्खास्त किया और विवादित पुस्तकों की जांच के आदेश दिए। उन्होंने इन पुस्तकों की सामग्री को बेहद अनुचित बताया था।

बहरहाल, सीमा पर घुसपैठ की कोशिश हो, जंगलों में छिपे आतंकवादियों के खिलाफ लंबा अभियान हो या फिर अलगाववाद का महिमामंडन करने वाले प्रकाशनों पर कानूनी शिकंजा, जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा एजेंसियों की कार्रवाई अब हर मोर्चे पर एक साथ दिखाई दे रही है।

## सपा का दावा- निशिकांत दुबे ने मांगी माफी

**लखनऊ।** बीजेपी सांसद डॉ। निशिकांत दुबे और समाजवादी पार्टी के बीच छिड़ा विवाद अब नए मोड़ पर पहुंच गया है। समाजवादी पार्टी ने दावा किया है कि समाजवादी अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष केके पाल की ओर से भेजे गए लीगल नोटिस के जवाब में निशिकांत दुबे ने खेद जताते हुए माफी मांगी है। हालांकि, जवाबी नोटिस में बीजेपी सांसद ने साफ किया है कि यह केवल सौहार्द बनाए रखने के लिए व्यक्त किया गया खेद है, इसे किसी भी तरह से गलती या मानहानि स्वीकार करना नहीं माना जाए।

### सपा ने पोस्ट कर किया दावा

सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता फखरुल हसन चांद ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए दावा किया कि "बहुत बड़े शूरवीर बने भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने बिना शर्त समाजवादी अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष केके पाल से माफी मांगी है। अब उन्हें समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से भी माफी मांगनी चाहिए।"

# 'आंख के बदले आंख लेंगे, जान के बदले जान'

## तेहरान ने किया जोरदार ऐलान, अमेरिका को ईंट का जवाब पत्थर से दे रहा ईरान

एजेंसी, तेहरान।

अमेरिका के ताजा हमलों के बाद ईरान ने जिस तरह "आंख के बदले आंख" की नीति अपनाते हुए खाड़ी क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर एक साथ कई हमले किए हैं, उसने पूरी दुनिया को नए युद्ध संकट के मुहाने पर लाकर खड़ा कर दिया है। ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड ने दावा किया कि बहरीन और कुवैत स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकानों, ओमान के राडार तंत्र तथा जार्डन के प्रिंस हसन वायुसेना अड्डे पर ईंधन और हथियार भंडार को निशाना बनाया गया। यह कार्रवाई अमेरिका द्वारा ईरान के वायु रक्षा तंत्र, तटीय राडार, मिसाइल और ड्रोन क्षमताओं तथा नौसैनिक ठिकानों पर किए गए हमलों के जवाब में की गई।

इसी बीच, ईरान के रणनीतिक बंदरगाह बंदर अब्बास और समीप स्थित किश्म द्वीप के आसपास जोरदार धमाकों की खबरों ने तनाव को और बढ़ा दिया है। स्थानीय समाचार माध्यमों के अनुसार विस्फोटों की आवाज दूर तक सुनी गई, हालांकि इनके कारणों की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। वहीं इस्फहान प्रांत में अमेरिकी हमले में एक व्यक्ति की मौत और कई अन्य के घायल होने की भी सूचना सामने आई है। पिछले सप्ताह से जारी जवाबी हमलों में कई लोगों की जान जा चुकी है और वास्तविक नुकसान का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है।



बहरीन ने भी स्वीकार किया है कि उसके वायु रक्षा तंत्र ने ईरान की ओर से दागी गई कई मिसाइलों और ड्रोन को हवा में ही मार गिराया। बहरीन का आरोप है कि ईरान ने नागरिक इलाकों को भी निशाना बनाने की कोशिश की। दूसरी ओर ईरान का कहना है कि वह केवल अमेरिकी सैन्य ढांचे को जवाब दे रहा है और उसके हर कदम का आधार प्रतिशोध है। इस घटनाक्रम ने साफ कर दिया है कि अब यह संघर्ष केवल दो देशों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि पूरा खाड़ी क्षेत्र इसकी चपेट में आ चुका है।

उधर, ईरान के विदेश मंत्रालय ने अमेरिका पर अपने वादे तोड़ने का आरोप लगाते हुए कहा कि इस्लामी गणराज्य ने समझौते की हर शर्त का पालन किया, लेकिन वॉशिंगटन ने अलग अलग बहानों से कई प्रावधानों का उल्लंघन किया। तेहरान ने दो टूक कहा कि कोई भी ईरान पर अपने वचन से मुकरने का आरोप नहीं लगा सकता। दूसरी ओर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने साफ संकेत दिया है कि युद्धविराम अब समाप्त हो चुका है। हालांकि उन्होंने बातचीत का दरवाजा पूरी तरह बंद नहीं किया, लेकिन साथ ही यह भी कहा कि अमेरिकी हमले जारी रहेंगे। जवाब में ईरान के शीर्ष वातार्कार ने चेतावनी दी कि एकतरफा समझौतों का दौर खत्म हो चुका है और अब हर विश्वासघात की कीमत चुकानी होगी।

देखा जाये तो तनाव केवल सैन्य मोर्चे तक सीमित नहीं है। ईरान ने अपने पूर्व सर्वोच्च नेता अली खामेनेई की हत्या तथा हालिया अमेरिकी और इजराइली हमलों का बदला लेने की कसम दोहराई है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि न्याय और खून का बदला लेना केवल जनता की भावना नहीं, बल्कि सरकार की जिम्मेदारी भी है। साथ ही ईरान ने हाल ही में दिवंगत हुए अमेरिकी सीनेटर लिंडसे ग्राहम पर भी तीखा हमला बोला और उन्हें आक्रामक सोच का प्रतीक बताते हुए कहा कि ईरानी जनता ऐसे व्यक्ति के लिए कोई शोक नहीं मनाएगी।

### ट्रंप का बड़ा एलान: हॉर्मुज से गुजरने वाले जहाजों पर लगेगा 20 प्रतिशत टैक्स

**वॉशिंगटन/तेहरान।** पश्चिम एशिया में पिछले चार महीनों से जारी जंग अब एक ऐसे खतरनाक मोड़ पर पहुंच गई है, जहां से तीसरे विश्व युद्ध की आहट सुनाई देने लगी है। शांति समझौते की तमाम कोशिशें नाकाम होने के बाद, एक बार फिर अमेरिका और ईरान आमने-सामने हैं।

ऐसे में जारी संघर्ष के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने वैश्विक व्यापार की जीवनरेखा माने जाने वाले 'होर्मुज जलडमरूमध्य' पर कब्जे का एलान कर पूरी दुनिया को चौंका दिया है। दूसरी ओर, ईरान ने भी पलटवार करते हुए इस रणनीतिक समुद्री रास्ते को पूरी तरह बंद करने का दावा ठोक दिया है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर साफ कर दिया है कि यह समुद्री रास्ता हर हाल में खुला रहेगा और अब अमेरिका यहां 'इरानी नाकाबंदी' लागू करने जा रहा है। ट्रंप ने घोषणा की कि अब से संयुक्त राज्य अमेरिका को आधिकारिक तौर पर 'होर्मुज जलडमरूमध्य का रखवाला' कहा जाएगा।

## 'केंद्र सरकार को परवाह नहीं': उद्धव ठाकरे ने सोनम वांगचुक के अनशन को दिया समर्थन

एजेंसी, नई दिल्ली।

शिवसेना-यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे ने सोमवार को एक बड़ा एलान किया है। उन्होंने दिल्ली में चल रहे कॉकरोच जनता पार्टी के आंदोलन को अपना पूरा समर्थन दिया है। यह आंदोलन नीट परीक्षा में हुई गड़बड़ियों के खिलाफ चल रहा है। उद्धव ने जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के प्रदर्शन का भी समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि सभी राजनीतिक दलों को अपने झंडे अलग रखकर इस आंदोलन का साथ देना चाहिए।

### राहुल गांधी से उद्धव ठाकरे की खास अपील

उद्धव ठाकरे ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से भी इस प्रदर्शन का समर्थन करने की अपील की है। इसके साथ ही उन्होंने वांगचुक से भूख हड़ताल वापस लेने का अनुरोध किया। सोमवार को वांगचुक के अनशन का 16वां दिन था। उद्धव ने कहा कि वांगचुक की जान बहुत कीमती है। लेकिन केंद्र सरकार असंवेदनशील है। सरकार को इस आंदोलन की कोई परवाह नहीं है।

### कब से चल रहा है आंदोलन?

नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर यह आंदोलन पिछले 24 दिनों से जारी है। शिक्षक और पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक भी 28 जून को इस प्रदर्शन में शामिल हुए थे। वह तभी से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठे हैं। सीजेपी की मांग है कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान अपने पद से इस्तीफा दें। इसके साथ ही मई में नीट पेपर लीक के बाद आत्महत्या करने वाले छात्रों के परिवारों को 1-1 करोड़ रुपये का मुआवजा मिले। मेडिकल प्रवेश परीक्षा पिछले महीने दोबारा आयोजित की गई थी।

# पिछले मुड़िया मेला में आए थे 1.5 करोड़ श्रद्धालु, फिर टूटेगा रिकॉर्ड

- परिवहन विभाग चलाएगा 1100 रोडवेज बस, 61 पार्किंग स्थल बनाए गये
- इस बार 23 जुलाई से 30 जुलाई तक आयोजित होगा मुड़िया मेला

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

गोवर्धन में आयोजित होने वाले मुड़िया पूर्णिमा मेले में सर्वाधिक भीड़ का रिकॉर्ड वर्ष 2025 में बना था। जिला प्रशासन के आंकड़ों के अनुसार, उस दौरान 7 दिनों के भीतर 1 करोड़ 54 लाख (15.4 मिलियन) से अधिक श्रद्धालुओं ने गिरिराज जी की 21 किलोमीटर लंबी परिक्रमा की थी। इस बार नया कीर्तिमान बनने की उम्मीद है। इतनी भीड़ की सुरक्षा, यातायात जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए भारी भरकम इंतजाम किये गये हैं। इस बार 23 जुलाई से 30 जुलाई तक मुडिया मेला का आयोजन चलेगा। मुडिया मेला क्षेत्र में बिना प्रशासनिक अनुमति के कोई भंडारा नहीं चल सकेगा, भंडारे की अनुमति 20 जुलाई तक लेना अनिवार्य होगा। करोड़ों की भीड़ के लिए सेवाभावी लोग भंडारे चलाते हैं, सरकार की ओर से भंडारे जैसी कोई व्यवस्था नहीं की जाती है।

जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने अवगत कराया कि मेला क्षेत्र को नौ सुपर जोन, 21 जोन तथा 62 सेक्टर में विभाजित किया गया है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा हेतु छह स्थाई पुलिस चौकी, 37 अस्थाई पुलिस चौकी, 31 वाच टावर तथा 150 बैरियर स्थापित किए जाएगा। 183 सीसीटीवी कैमरे से निगरानी सुनिश्चित की जाएगी तथा 350 पीए सिस्टम से निरंतर अनाउंसमेंट किया जाएगा। प्रकाश व्यवस्था हेतु 1281 एलईडी लाइट, 14 सेमी मास्ट लाइट, एक हाई मास्ट लाइट तथा 212 सोलर लाइट लगाई गई है।

एसपी ग्रामीण सुरेश चंद्र रावत ने अवगत कराया कि 61 पार्किंग स्थल, 1100 रोडवेज बस, 19 अग्निशमन वाहन, 54 गिर्राज मोबाईल, पीएसी फ्लड दो प्लाटून तीन स्थल पर, एसडीआरएफ एक टीम मानसी गंगा पर, पीएसी दो कम्पनी साथ स्थल पर, 600 ड्यूटी पाइन्ट गोवर्धन व वृन्दावन, तीन सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम तथा 09 सब कंट्रोल रूम स्थापित किए जाएंगे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राधावल्लभ ने अवगत कराया कि 16 अस्थाई चिकित्सा सहायता केन्द्र, दो एनजीओ के चिकित्सा शिविर, पांच मोटर साइकिल एम्बुलेंस टीम, 14 एम्बुलेंस, छह हेल्थ मोबाईल, 24 संचार व्यवस्था, 22 चिकित्सा शिविर आदि लगाए जाएंगे। मुड़िया पूनों मेला में पांच खोया-पाया केन्द्र, 140 हैण्डपम्प, 30 पानी के टेंकर, 17 आरओ, 25 मोबाइल टायलेट, तीन जनसुविधा केन्द्र बनाए जायेंगे। भंडारे की अनुमति हेतु दिनांक 20 जुलाई से पूर्व करे आवेदन, लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन सभागार में सिंगल विण्डो क्लियरेंस के माध्यम से भंडारे की अनुमति प्रदान की जाएगी।



पिछले वर्ष मुडिया मेला में उमड़े श्रद्धालु।

## टीएमसी पर दावेदारी: बागी गुट ने चुनाव आयोग से मांगा 15 दिन का समय

**नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस पर दावेदारी की लड़ाई के बीच ऋतब्रत बनर्जी की अगुवाई वाले बागी गुट ने चुनाव आयोग से अपना जवाब देने के लिए दोबारा पंद्रह दिन का और समय मांग लिया है। हालांकि चुनाव आयोग ने अभी उनकी मांग पर कोई जवाब नहीं दिया है लेकिन माना जा रहा है कि उन्हें आयोग कुछ और समय दे सकता है। आयोग बाकी गुट को पहले भी समय दे चुका है। जिसमें छह जुलाई तक उन्हें पार्टी पर दावेदारी को लेकर अपना जवाब देना था। हालांकि उनकी मांग पर आयोग ने उन्हें दस जुलाई तक का समय दे दिया था। आयोग के जुड़े उच्च पदस्थ सूत्रों की मानें तो ऋतब्रत बनर्जी की अगुवाई वाले बागी गुट ने दस जुलाई को आयोग के सामने पेश होकर पार्टी पर दावेदारी से जुड़े दस्तावेज पेश करने के लिए पंद्रह दिन का और समय मांग लिया है। हालांकि आयोग ने उनकी मांग पर कोई फैसला नहीं लिया है।

# शमसाबाद में पुलिस का पैदल मार्च

## कमिश्नर के निर्देश पर बाजार और चौराहों पर बढ़ाई सतर्कता

टीएनएफ टुडे, शमसाबाद।

आगरा क्षेत्र में लगातार हो रही वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस कमिश्नर आगरा के निर्देश पर शमशाबाद पुलिस ने सोमवार को सघन पैदल गश्त अभियान चलाया। थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने क्षेत्र के बड़े-बड़े चौराहों और भीड़भाड़ वाले बाजारों में पैदल गश्त कर आमजन में सुरक्षा का भाव पैदा किया।

पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन रोड और अन्य संवेदनशील चौराहों पर रुक-रुक कर संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग की। दुकानदारों और राहगीरों से बात कर उनकी समस्याएं भी सुनीं। इस दौरान थाना प्रभारी सुरेंद्र राव के साथ उपनिरीक्षक देवीसरण सिंह, महिला उपनिरीक्षक पूजा राणा और उपनिरीक्षक अंकित वर्मा भी मौजूद रहे। पुलिसकर्मियों ने लोगों से अपील की कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

### पुलिस का मकसद अपराध पर रोक

थाना प्रभारी सुरेंद्र राव ने बताया कि पुलिस कमिश्नर के आदेश पर क्षेत्र में अपराध और लूट की घटनाओं को रोकने के लिए लगातार गश्त की जा रही है। पैदल गश्त से पुलिस और जनता के बीच सीधा संवाद होता है। इससे अपराधियों में डर पैदा होता है। उन्होंने कहा कि त्योहारी सीजन और शाम के समय बाजारों में भीड़ को देखते हुए गश्त और तेज की जाएगी। महिलाओं और छात्राओं की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जा रही है। गश्त के दौरान पुलिस ने अवैध रूप से खड़े वाहनों को हटवाया और यातायात नियमों का पालन न करने वालों को चेतावनी दी। स्थानीय व्यापारियों ने पुलिस की इस पहल की सराहना की और कहा कि गश्त से बाजार में सुरक्षा बढ़ी है।

# डीएम ने कागारौल में केनरा बैंक की शाखा का किया शुभारंभ

## किसानों, व्यापारियों, महिलाओं, युवाओं को मिलेगी सुविधा

टीएनएफ टुडे, कागारौल।



जिलाधिकारी मनीष बंसल ने सोमवार को गांव कागारौल में केनरा बैंक की 98वीं शाखा का फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि नवस्थापित बैंक शाखा के संचालन से क्षेत्र के लोगों को दैनिक बैंकिंग कार्यों में बड़ी सुविधा मिलेगी। अब स्थानीय नागरिकों को खाता खोलने, अपनी बचत सुरक्षित जमा करने तथा अन्य बैंकिंग सेवाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत उपलब्ध ऋण सुविधाओं का लाभ भी अब क्षेत्रवासियों को अपने घर के निकट प्राप्त हो सकेगा। किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी), युवाओं को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत ऋण, विद्यार्थियों को शिक्षा ऋण तथा परिवारों को गृह ऋण सहित विभिन्न बैंकिंग एवं वित्तीय सुविधाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होंगी। आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलने के साथ रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों में भी वृद्धि होगी। उन्होंने शाखा प्रबंधन को निर्देश दिए कि बैंक से स्वयं सहायता समूह की बैंक सखी को भी जोड़ा जाएगा, जो घर-घर जाकर लोगों को बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। जिलाधिकारी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं की सुलभ उपलब्धता वित्तीय समावेशन एवं स्थानीय आर्थिक विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने केनरा बैंक के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर (एलडीएम) के नेतृत्व में बैंक विभिन्न सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। एलडीएम एवं लीड बैंक जिले के सभी बैंकों के मध्य समन्वय स्थापित कर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक सरल एवं प्रभावी ढंग से पहुंचाने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत रवि, संतोष, किशन, राहुल, मुकेश एवं असलम उस्मानी को 05-05 लाख रुपये के ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए।

इसी प्रकार स्त्री शक्ति योजना के अंतर्गत सोमवती, शीला, भूरी देवी, रूबी एवं सीमा देवी को 50-50 हजार रुपये की ऋण सुविधा प्रदान कर लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम का संचालन एलबीओ अंकित सहगल द्वारा किया गया। इस अवसर पर केनरा बैंक के महाप्रबंधक सुनीत कुमार सिंह, सहायक महाप्रबंधक सत्य प्रकाश सिंह, ग्राम प्रधान सहित बैंक के अधिकारी और क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

# फोटो जर्नलिस्ट अभय भारद्वाज नहीं रहे

टीएनएफ टुडे, आगरा।



बाह के ग्राम हिंगोट खेड़ा निवासी अभय भारद्वाज फोटो जर्नलिस्ट अब नहीं रहे। वे बाह के गौरव थे। उनके निधन की खबर उनके छोटे भाई सुभाष ने भोपाल से दी है। वे एक बड़े पत्रकार रहे हैं। अभय ने सत्तर के दशक से लेकर अब तक बड़ा नाम कमाया। उनको हृदय घात का रोग था। वे अपने फोटो जनिक पत्रकारिता के लिए जाने जाते थे। उन्होंने बाह आना जाना पचास साल की देश में सेवा देने के बाद शुरू किया था। नागरी प्रचारिणी सभा में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की बैठकों में देखा जाने लगा था। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है। राष्ट्रीय अद्धयक्ष देवी प्रसादगुप्ता, उपाध्यक्ष शंकर देव तिवारी, महासचिव प्रवीण चौहान, नरेश सक्सेना व कोषाद्धयक्ष अतुलकपूर, राजस्थान के सहासंयोजक श्याम सुंदर पाराशर,मुकेश शर्मा, संत कुमार भारद्वाज केसाथ कई पत्रकारों ने अभय के निधन को अपूर्णीय क्षति कहा है।

# खतौनी के लिए भटकते रहे किसान



टीएनएफ टुडे, खेरागढ़।

तहसील परिसर में सोमवार को भूलेख वेबसाइट की धीमी गति के कारण किसानों को खतौनी प्राप्त करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सुबह से ही खतौनी काउंटर पर किसानों की लंबी कतार लग गई, लेकिन सर्वर धीमा होने के कारण ऑनलाइन खतौनियां समय पर डाउनलोड नहीं हो सकीं। इससे किसानों को घंटों इंतजार करना पड़ा। तहसील में संचालित खतौनी काउंटर से प्रतिदिन सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक करीब चार सौ खतौनी उपलब्ध कराई जाती है। सोमवार को भूलेख साइट की रफ्तार बेहद धीमी रहने से कर्मचारी भी परेशान रहे। खतौनी लेने पहुंचे किसान रामवीर ने बताया कि वह सुबह करीब 10 बजे काउंटर पर पहुंच गए थे, लेकिन 11 बजे तक भी उनकी खतौनी नहीं मिल सकी। वहीं किसान मनोज ने बताया कि करीब एक घंटे तक इंतजार करने के बाद भी खतौनी नहीं मिली, जिसके चलते उन्हें बिना खतौनी लिए ही वापस लौटना पड़ा। वहीं कर्मचारियों ने बताया बीते चार दिन से सर्वर धीमी गति से चल रहा है। सोमवार को करीब 12 बजे से स्थिति में सुधार हो पाया।

# जमीन पर कब्जे के विरोध में मारपीट

टीएनएफ टुडे, पिनाहट।

जमीन पर अवैध कब्जा का आरोप लगाते हुए एक पक्ष द्वारा बुरी तरह मारपीट की गयी। जिसमें घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना मनसुखपुरा क्षेत्र के गांव शाहपुर खालसा में सोमवार सुबह करीब दस बजे घर के आगे खाली पडी जमीन पर गांव के ही कुछ लोग अवैध कब्जा कर रहे थे। जिसका रामशंकर ने विरोध किया तो आरोपितों ने एकजुट होकर लाठी डंडों से मारपीट शुरू कर दी। बचाने आए रामशंकर के अन्य स्वजन के साथ भी गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट की है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने रामशंकर को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। वहीं रामशंकर ने तहरीर देकर आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। रामशंकर का कहना है कि उसके घर के सामने जमीन है। वह वन विभाग की जमीन है। उस पर आरोपित अवैध कब्जा करना चाहते हैं।

# बाइक की टक्कर से छात्रा की मौत

## निबोहरा-फतेहाबाद मार्ग पर भोजपुर के पास हादसा

टीएनएफ टुडे, फतेहाबाद।



निबोहरा-फतेहाबाद मार्ग पर भोजपुर के पास अज्ञात बाइक सवार ने 6 वर्षीय आंगनवाड़ी की छात्रा में टक्कर मार दी। हादसे में छात्रा की मौत हो गई। घटना की जानकारी से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जानवी पुत्री मुकेश उम्र 6 वर्ष प्राथमिक विद्यालय भोजपुर में आंगनबाड़ी में पढ़ती थी। सोमवार को लंच होने के बाद वह अपनी बड़ी बहन ज्योति उम्र 7 वर्ष, परिवार के कान्हा, नीलम, लवकुश के साथ निबोहरा फतेहाबाद मार्ग की तरफ निकल आए। इसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात बाइक सवार ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि जानवी गंभीर रूप से घायल हो गई। बाइक सवार टक्कर मारकर बाइक लेकर मौके से फरार हो गया। जानकारी पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायल जानवी को उपचार के लिए अस्पताल भेजा। जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने जानवी को मृत घोषित कर दिया। मृतक बच्ची की बड़ी बहन ज्योति बताया कि स्कूल के अध्यापकों ने हम लोगों को पेड़ लेने के लिए सड़क की तरफ भेजा था। तभी बाइक ने जानवी में टक्कर मार दी थी। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने बताया कि मुकेश जयपुर में पानीपूरी बनाने का काम करता है। दो माह पूर्व स्विमिंग पूल में डूबने से बेटा हंसू उम्र पांच वर्ष की मौत हो गई थी। इस वजह से वह अपने परिवार के साथ गांव में रहकर मजदूरी कर पालन पोषण कर रहे हैं।

# जैंगारा में 58 लाख से बनेगा 'उत्सव भवन'

## 'मुख्यमंत्री त्वरित विकास योजना' का ग्रामीणों को मिलेगा लाभ

टीएनएफ टुडे, आगरा।



ताजनगरी के चाहरवाटी क्षेत्र स्थित प्रमुख पवित्र स्थल कदमखंडी, जैंगारा के निवासियों को योगी सरकार ने विकास की एक बड़ी सौगात दी है। मुख्यमंत्री त्वरित विकास योजना के अंतर्गत क्षेत्र में लगभग 58 लाख रुपये की लागत से एक भव्य 'उत्सव भवन' का निर्माण होने जा रहा है। रविवार को फतेहपुर सीकरी के लोकसभा सांसद राजकुमार चाहर ने क्षेत्र के वरिष्ठजनों और बुजुर्गों के करकमलों द्वारा हवन- पूजन एवं वैदिक मंत्रोच्चार के बीच इस नव- निर्मित होने वाले भवन का विधि- विधान से शिलान्यास कराया।

योगी सरकार प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार और विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए कदमखंडी में इस उत्सव भवन का खाका तैयार किया गया है। इस भवन में ग्रामीणों की सुविधा के लिए दो कमरे, एक विशाल हॉल, स्नानघर, आधुनिक शौचालय और मीठे पेयजल की समुचित व्यवस्था की जाएगी। इस उत्सव भवन के बन जाने से जैंगारा सहित आसपास के कई गांवों के लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। उन्हें अपने पारिवारिक व सामाजिक कार्यक्रमों के लिए दर- दर नहीं भटकना पड़ेगा। फतेहपुर सीकरी के सांसद राजकुमार चाहर ने कहा कि यह उत्सव भवन क्षेत्र के सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक आयोजनों को एक नई दिशा प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ग्रामीण अंचलों में सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इस अवसर पर अशोक लवानिया, महावीर सिंह, पार्टी पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के अधिकारीगण, जिला पंचायत सदस्य, ब्लॉक प्रमुख, ग्राम प्रधान, बीडीसी सदस्य सहित भारी संख्या में क्षेत्रीय महिलाएं व पुरुष उपस्थित रहे।

# राजकीय महाविद्यालय सैंया में पौधारोपण



**खेरागढ़।** राजकीय महाविद्यालय सैया, खेरागढ़ में पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. रविन्द्र कुमार ने पौधारोपण कर किया। इस दौरान महाविद्यालय परिसर में छायादार एवं फलदार पौधे लगाए गए। प्राचार्य ने विद्यार्थियों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में डॉ. विशाल भास्कर, डॉ. हुकुम सिंह, डॉ. रेखा सुमन, डॉ. अनिल कुमार, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. विजय आनंद गौतम सहित शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं ने सहभागिता करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

# 'एक जनपद, एक व्यंजन' को लगेंगे पंख

## आगरा के पारंपरिक उत्पादों को बढ़ावा देने की पहल

टीएनएफ टुडे, आगरा।

उपायुक्त उद्योग शैलेंद्र कुमार सिंह ने अवगत कराया कि उत्तर प्रदेश शासन के शासनादेश के क्रम में ₹एक जनपद एक व्यंजन (ओडीओओ)₹ कार्यक्रम के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 में जनपद आगरा के चिन्हित उत्पादों के समग्र विकास के लिए वित्त पोषण में सहायता प्रदान करने की योजना संचालित की जा रही है। योजना के तहत आगरा के चिन्हित ओडीओओ उत्पाद पेठा, नमकीन दालमोठ, गजक एवं पराठा उत्पाद से जुड़े उद्योगों, सेवा एवं व्यवसायिक इकाइयों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

योजना के अंतर्गत आवेदन करने के लिए आवेदक शैक्षिक योग्यता की कोई बाध्यता नहीं है। आवेदन करने वाले व्यक्ति अथवा इकाई किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक, वित्तीय संस्था अथवा सरकारी संस्था के डिफॉल्टर नहीं होने चाहिए। भारत सरकार अथवा उत्तर प्रदेश सरकार की किसी अन्य स्वरोजगार योजना का पूर्व में लाभ प्राप्त नहीं किया होना चाहिए। एक परिवार के केवल एक सदस्य को ही योजना का लाभ दिया जाएगा। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, महिला एवं दिव्यांगजन श्रेणी के अभ्यर्थियों को सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाण-पत्र की सत्यापित प्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न करनी होगी।

परियोजना के आकार के अनुसार मार्जिन मनी अनुदान की सुविधा प्रदान की जाएगी। 25 लाख रुपये तक की परियोजनाओं पर परियोजना लागत का 25 प्रतिशत अथवा अधिकतम 6.25 लाख रुपये (जो भी कम हो), 25 लाख से 50 लाख रुपये तक की परियोजनाओं पर 20 प्रतिशत अथवा न्यूनतम 6.25 लाख रुपये, 50 लाख से 1.50 करोड़ रुपये तक की परियोजनाओं पर 10 प्रतिशत अथवा अधिकतम 10 लाख रुपये तथा 1.50 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं पर परियोजना लागत का 10 प्रतिशत, अधिकतम 50 लाख रुपये तक मार्जिन मनी के रूप में उपलब्ध कराई जाएगी।

उन्होंने बताया कि उद्यम के सफल संचालन के दो वर्ष पूर्ण होने के उपरांत मार्जिन मनी को अनुदान के रूप में समायोजित किया जाएगा। सामान्य वर्ग के लाभार्थियों को परियोजना लागत का 10 प्रतिशत तथा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, महिला एवं दिव्यांगजन श्रेणी के लाभार्थियों को 6 प्रतिशत अंशदान स्वयं जमा करना होगा। योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी एवं मार्गदर्शन के लिए किसी भी कार्यदिवस में जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केंद्र, नुनिहाई, आगरा स्थित कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

### बस की चपेट में आने से बाइक सवार मां-बेटा घायल

**फतेहाबाद।** बाह रोड बाईपास पर सोमवार दोपहर को मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सेवा के चालक ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में मां-बेटा घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहाबाद भेज दिया। बस को कब्जे में ले लिया है। दशरथ पुत्र रामलक्षिन निवासी बरेह थाना अंबाह जिला मुरैना अपनी मां भूरीबाई के साथ फतेहाबाद में रिश्तेदारी में आ रहे थे। जैसे ही सोमवार दोपहर को बाह रोड बाईपास पर पहुंचे तो आगरा से बाह की तरफ जा रही मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सेवा के चालक ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में मां बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहाबाद भेज दिया। वहीं बस चालक व परिचालक बस छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने बस को कब्जे में ले लिया है। पुलिस चालक की तलाश कर रही है।

### सड़क हादसे में युवक घायल

**फतेहाबाद।** आगरा-फतेहाबाद मार्ग पर रविवार की रात कैंटर चालक ने अज्ञात वाहन में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में कैंटर चालक घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया है। रविवार की रात 11 बजे के करीब कैंटर चालक इकबाल बहादुर पुत्र लालाराम निवासी जैतपुर बसेअर इटावा कैंटर लेकर फतेहाबाद से आगरा की तरफ जा रहा था। जैसे ही वाजिदपुर के पास पहुंचा तो सड़क किनारे खड़े अज्ञात वाहन में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में कैंटर का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और चालक घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### रिछोहा के ग्रामीणों ने की श्मशान बनवाने की मांग

**खेरागढ़।** तहसील क्षेत्र के गांव रिछोहा के मजरा भोजपुर में श्मशान भूमि नहीं होने के कारण ग्रामीण मृतकों के अंतिम संस्कार करने लिए वर्षों से परेशान हैं। सोमवार को करीब एक दर्जन ग्रामीणों ने तहसील पहुंच एसडीएम ऋषि राव को प्रार्थना पत्र देते हुए गांव में श्मशान भूमि आरक्षित कराकर अभिलेखों में दर्ज करने की मांग की है। तहसील पहुंचे पप्पू सिंह, अजय सिंह, दरबसिंह, भगवान सिंह, महावीर, रणवीर सिंह, उदयभान सिंह,नरेश आदि लोगों ने बताया कि गांव में श्मशान भूमि नहीं होने पर शवों का अंतिम संस्कार निजी भूमि में करना पड़ता रहा हैं।वहीं जिन लोगों के पास जमीन नहीं है उनके परिवार में किसी की मृत्यु होने पर अंतिम संस्कार का संकट उत्पन्न हो जाता है। उनको दूसरों की भूमि पर या बहुत दूर दूसरे गांव के मरघट में अंतिम संस्कार करना पड़ता है।

### बाइकों की भिड़ंत में तीन घायल

**खेरागढ़।** थाना क्षेत्र के कागारौल रोड पर दोपहर करीब चार बजे ऑटो को ओवरटेक करते समय दो तेज रफ्तार बाइक आमने सामने टक्कर हो गई। हादसे में तीन लोग घायल हो गए। घटना गांव बुरहारा निवासी बंटू और दारा सिंह बाइक से खेरागढ़ बाजार जा रहे थे। तभी ब्लॉक कार्यालय के समीप सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक सवार द्वारा आगे चल रहे ऑटो को ओवरटेक करते हुए उनकी बाइक में सामने से टक्कर मार दी। हादसे में बंटू, दारा सिंह के साथ दूसरा बाइक सवार ललित कुमार निवासी भिलावली घायल हो गए। घायलों को राहगीरों और ग्रामीणों ने उपचार के लिए सीएचसी खेरागढ़ पहुंचाया। जहां सूचना मिलने पर पुलिस एवं परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को एसएन इमरजेंसी भेज दिया।

### महिलाओं पर डाला गर्म पानी, दो झुलसीं

**पिनाहट।** घर के आंगन में ईंटें बिछाने के विवाद में जेठानी और उसकी दो बेटियों ने दो महिलाओं पर गर्म पानी फेंककर घायल कर दिया है। थाना बसई अरेला थाना क्षेत्र के गांव बीधापुरा में मंगलवार सुबह करीब आठ बजे गुड़िया देवी और सरिता देवी घर के बरामदे में ईंटें बिछा रही थी। तभी जेठानी इसका विरोध करते हुए बहस करने लगी। इसी दौरान जेठानी और उसकी दो किशोरियों ने गुड़िया और सरिता के ऊपर उबलता हुआ गर्म पानी फैंक दिया। जिससे दोनों महिलाएं बुरी तरह झुलस गईं। जिनको गंभीर हाहत में स्वजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिनाहट लेकर पहुंचे।

### स्कूटी और बाइक टकराई, प्रधानाध्यापिका घायल

**पिनाहट।** सोमवार की सुबह स्कूटी से स्कूल जा रही शिक्षिका को बाइक सवारों ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। गंभीर हालत होने पर आगरा रेफर किया गया है। सोमवार सुबह करीब 9 बजे प्राथमिक विद्यालय द्वितीय में प्रधानाध्यापिका रितु शर्मा स्कूटी से पढ़ाने के लिए कस्बा से निकली। स्कूल के बच्चों के लिए मिड-डे-मील के फल फल खरीदने के बाद स्कूल वापस लौट रही थी। उसी समय अरनौटा की ओर से एक बाइक पर सवार तीन लोगों ने शिक्षिका की स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गयीं।

### बहू-बेटी सम्मेलन आयोजित किया

पिनाहट। मंगलवार को बसई अरेला पुलिस ने गांव बंबोरा स्थिति राजकीय हाईस्कूल में कार्यक्रम बहू-बेटी सम्मेलन का आयोजन किया। इसके तहत महिलाओं के प्रति होने वाली हिंसा एवं आत्महत्या की घटनाओं की रोकथाम, महिलाओ, बालिकाओं के स्वाभिमान एवं सम्मान की रक्षा, सुरक्षा के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने, परिवारों में बहू एवं बेटी के संबंधों को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से सभी को जागरूक किया गया। उन्हें मुख्यमंत्री सुकन्या योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मीबाई बाल एवं महिला सम्मान आदि के बारे में और हेल्पलाइन नंबरों के बारे में व कम उम्र की महिलाओं, विशेषकर 15-25 वर्ष आयु वर्ग की युवतियों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करते हुए समझाया गया।

TNF® TODAY
टीएनएफ टुडे
थॉट्स न्यूज फैक्ट्स टुडे
tnftoday tnftoday
www.tnftoday.com / epaper


# अतिक्रमण हटाने में भी मनमानी

नगर निगम के अभियान पर लगे आरोप

टीएनएफ टुडे, आगरा।



नगर निगम के प्रवर्तन दल ने सोमवार को जिला अस्पताल चौराहा से अतिक्रमण को हटाने का अभियान चलाया। इस दौरान आरोप लगाया गया कि प्रवर्तन दल में शामिल लोगों ने मनमानी की। कहा गया कि पता नहीं क्यों किस दवाब या प्रभाव में कुछ दुकानों को अभयदान दे दिया गया। नामनेर बाजार कमेटी (रजि) के अध्यक्ष ब्रजेश पंडित ने आरोप लगाया कि इस तरह के पक्षपातपूर्ण अभियान से कई बार जन आक्रोश होता है। अभियान का विरोध होता है और अभियान बीच में रुक जाता है। इससे अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद होते हैं। जैसी बाजार में चर्चा है कि प्रवर्तन दल में शामिल इंस्पेक्टर और कोई कर्नल साहब ने पता नहीं किस योजना के अंतर्गत पूरे रोड के एकतरफ ही अभियान चलाया है। लगता है कि सामने वाली लाइन का अतिक्रमण की छूट है। जिस लाइन में चलाया भी है, उसमें भी कुछ दुकानों को छोड़ दिया गया। आक्रोशित दुकानदारों की मांग है कि निगम अधिकारियों को इसकी जांच एवं भेदभाव पूर्ण अभियान चलाने वाले जिम्मेवारों पर विभागीय कार्यवाही की जाय।

# कैडिटों ने सीखा कैंटीन संचालन

टीएनएफ टुडे, आगरा।

श्रीराम आदर्श महाविद्यालय पनवारी में सोमवार को भी एनसीसी कैंप जारी रहा। वन यूपी बटालियन एनसीसी के शिविर में क्षेत्रीय भर्ती कार्यालय के अधिकारी मेजर डॉ ब्रहमम येगली ने कैडिटों को सेना में भर्ती होने के विभिन्न तरीकों के बारे में जानकारी दी। जिसके तहत कक्षा आठ से स्नातक और इंजीनियरिंग स्नातक तक के कैडिट सेना में भर्ती हो सकते है। अग्निवीर योजना और एनसीसी सी सर्टिफिकेट पास कैडिट सेना में कैसे एंट्री करें। इसके लिए शारीरिक और चिकित्सीय आवश्यकताओं के बारे में जानकारी दी। सूबेदार मेजर हबीबुल्लाह मीर और हवलदार समीर भी साथ रहे। यातायात के प्रति जागरूकता के लिए यातायात सब इंस्पेक्टर रामनिवास ने कैडिटों को बताया कि वे यातायात के नियमों का पालन करें। हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें। ट्रिपल सवारी ड्राइविंग ना करे। अपने मित्रों को भी इसकी जानकारी साझा करें। तृतीय सत्र में कैप्टन मनीष कुमार ने आपदा प्रबंधन की जानकारी कैडिटों को दी। उन्होंने कहा किसी आपदा के आने से पहले की गई तैयारी से आपदा में कम क्षति उठानी पड़ती है उन्होंने कैडिटों से आपदा किट सदैव तैयार रखने का आान किया। सूबेदार मेजर निर्मल सिंह व ट्रेनिंग जेसीओ एच आर यादव ने बताया कि कैंप के दौरान छात्रों की छोटी-छोटी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए व सैनिक कैंटीन किस प्रकार कार्य करती है इन दोनों की जानकारी छात्रों को हो सके इस हेतु नायब सूबेदार छब्बी लाल राना के निर्देशन ने कैडिटों की टीम ने सी एस डी कैंटीन का संचालन व समस्त प्रकार का लेन देन किया। इस टीम मे नवीन कुमार शर्मा, अनुराग सिंह, दीपक बघेल, तनुज प्रताप सिंह, विन्नी, पूनम, श्वेता रहे। नायक अभिषेक ,हवलदार शिलास थापा ने व्यवस्थाओ का संचालन किया।

## 23 के बजाय 25 जुलाई को रहेगा अवकाश

**आगरा।** अपर जिलाधिकारी (नगर) यमुनाधर चौहान ने अवगत कराया है कि शासन द्वारा वर्ष-2026 के लिए घोषित सार्वजनिक अवकाशों के अतिरिक्त स्थानीय अवकाशों के संबंध में पूर्व में जनपद आगरा के लिए उर्स हजरत अब्दुल उल्ला साहब के अवसर पर 23 जुलाई को स्थानीय अवकाश घोषित किया गया था। लेकिन सज्जादा नशीन एवं मुतवल्ली दरगाह हजरत सैयदना शाह अमीर अब्दुल्ला आगरा की सूचना के अनुसार इस वर्ष उर्स का मुख्य आयोजन पूर्व निर्धारित तिथि 23 जुलाई के स्थान पर 25 जुलाई को आयोजित किया जाएगा। दरगाह प्रशासन द्वारा स्थानीय अवकाश की तिथि भी उसी के अनुरूप परिवर्तित किए जाने का अनुरोध किया गया था। जिलाधिकारी मनीष बंसल के आदेश के क्रम में अब 25 जुलाई (शनिवार) को उर्स हजरत अब्दुल उल्ला साहब के अवसर पर स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है।

# फतेहपुर सीकरी में हुआ पौधारोपण

टीएनएफ टुडे, फतेहपुर सीकरी (आगरा)।



युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में मेरा युवा भारत, आगरा द्वारा संचालित एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत विकास खंड फतेहपुर सीकरी में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं, शिक्षक-शिक्षिकाओं, छात्र-छात्राओं तथा ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए और उनके संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी रजत कुमार, सहायक विकास अधिकारी नारायण सिंह, ग्राम सचिव हरेंद्र पाल तथा ग्राम प्रधान पुष्पा देवी ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। खंड विकास अधिकारी रजत कुमार कहा कि हर व्यक्ति को अपने जीवन में अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का संकल्प लेना चाहिए।

माय भारत की स्वयंसेविका अर्चना शर्मा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि एक पेड़ माँ के नाम अभियान केवल पौधारोपण का कार्यक्रम नहीं, बल्कि अपनी माँ के प्रति सम्मान, प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का संकल्प है। उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति अपनी माँ के नाम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल का दायित्व निभाए, तो पर्यावरण संरक्षण का यह अभियान जनआंदोलन का रूप ले सकता है। इस अवसर पर माय भारत के स्वयंसेवक अंकित राजपूत सहित स्वयं सहायता समूह की महिलाएँ, शिक्षक-शिक्षिकाएँ, छात्र-छात्राएँ एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने लगाए गए पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया तथा अधिक से अधिक लोगों को इस अभियान से जोड़ने का आव्हान किया।

## मोहन सिंह ने की डीएसएस के साथ घटना की निंदा

**आगरा।** वरिष्ठ भाजपा किसान नेता मोहन सिंह चाहर ने डिप्टी स्टेशन सुप्रिंटेट नरेंद्र चाहर से फोन पर घटना की जानकारी ली। घटना को लेकर उन्होंने आरपीएफ कर्मियों की कड़ी निंदा की। उन्होंने सांसद राजकुमार चाहर ने मौके पर पहुंचकर दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्यवाही कराए जाने की प्रशंसा की। मोहन सिंह चाहर ने कहा कि डिप्टी स्टेशन सुपरिंटेंडेंट (डीएसएस) नरेंद्र चाहर ने एक महिला की ट्रेन छूट रही थी तो उसकी मदद कर दी। मदद करना मानवता है जुर्म नहीं। इसके लिए डीएसएस नरेंद्र चाहर को तो सम्मानित करना चाहिए था लेकिन आरपीएफ ने उनके साथ गुंडई की। उन्होंने कहा कि दोषीपुलिस कर्मियों की निलंबन की कार्यवाही पर्याप्त नहीं, बल्कि इनको टर्मिनेट किया जाए। इनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विभागीय कार्यवाही की जाए।

## एसडीएम खेरागढ़ का हापुड़ तबादला

**खेरागढ़।** शासन ने सोमवार को प्रशासनिक फेरबदल करते हुए खेरागढ़ के उप जिलाधिकारी ऋषि राव का तबादला हापुड़ कर दिया। उन्हें हापुड़ में एसडीएम की नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। खेरागढ़ में उनका कार्यकाल करीब 15 माह का रहा।अपने कार्यकाल के दौरान ऋषि राव ने राजस्व मामलों, संपूर्ण समाधान दिवस, अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई और जनसुनवाई को प्राथमिकता दी। आम लोगों के बीच उनकी पहचान एक सौम्य, सरल और सहज अधिकारी के रूप में रही। फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनने और त्वरित निस्तारण के प्रयासों के कारण वे क्षेत्र में चर्चा में रहे।उनके तबादले की सूचना मिलते ही प्रशासनिक और सामाजिक क्षेत्र के लोगों ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। वहीं, खेरागढ़ में नए एसडीएम की तैनाती का इंतजार किया जा रहा है।

# 'घर के वास्ते' में कविता की बही रसधार

- सूरसदन में देर रात तक गूंजती रही तालियां

टीएनएफ टुडे, आगरा।







शहर के प्रमुख सांस्कृतिक केंद्र सूरसदन में आयोजित बहुप्रतीक्षित काव्य संध्या घर के वास्ते में साहित्य और कविता का अनूठा संगम देखने को मिला। देश के लोकप्रिय युवा कवि स्वयं श्रीवास्तव एवं चर्चित कवयित्री मानिका दुबे ने अपनी प्रस्तुतियों से देर रात तक श्रोताओं को बांधे रखा। सभागार में मौजूद श्रोताओं ने हर रचना पर तालियों की गूंज से कवियों का उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। स्वागत उद्बोधन के बाद स्वयं श्रीवास्तव ने परिवार, रिश्तों, प्रेम, सामाजिक सरोकारों और मानवीय संवेदनाओं पर आधारित अपनी चर्चित रचनाओं का पाठ किया। उनकी सहज प्रस्तुति, प्रभावशाली मंच संचालन और भावपूर्ण अभिव्यक्ति ने श्रोताओं को भावुक भी किया। कई स्थानों पर हास्य एवं व्यंग्य से ठहाके लगाने पर भी मजबूर कर दिया।

मानिका दुबे ने नारी संवेदना, समकालीन समाज और जीवन के विविध पहलुओं पर आधारित अपनी सशक्त कविताओं की प्रस्तुति दी। उनकी ओजपूर्ण एवं भावपूर्ण अभिव्यक्ति को भी श्रोताओं ने खूब सराहा। आयोजन ओएसएस इंस्टालेशन सर्विसेज के सौजन्य से ध्वनि म्यूज़िक द्वारा किया गया। कार्यक्रम में आगरा सहित आसपास के जनपदों से बड़ी संख्या में साहित्य प्रेमी, शिक्षाविद, युवा, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के आयोजनों का उद्देश्य साहित्य और संस्कृति के प्रति युवाओं का जुड़ाव बढ़ाना तथा समाज में सकारात्मक विचारों का प्रसार करना है।इस अवसर पर मुख्य अतिथि रोहतास श्रीवास्तव और मुख्य कार्यक्रम अध्यक्ष शंभू नाथ चौबे, कार्यक्रम आयोजकों में दीपक जैन विनय जैन और आशीष दुबे , आकाश ग्लोबल, उपस्थित रहे।

# बाहरी लोगों को मिलता है स्टेशन पर प्रवेश

टीएनएफ टुडे, आगरा।



उत्तर मध्य रेलवे कर्मचारी संघ 12 जुलाई को घटित शर्मनाक घटना की कठोर निंदा करता है। इस मामले में कठोर कार्यवाही की मांग भी करता है। संघ के संज्ञान में आया है कि बाहरी व्यक्तियों को स्टेशन परिसर में प्रवेश दिया जाता है। इस विषय को गम्भीरता से लेते हुए उच्च स्तरीय जांच कमेटी गठित करने एवं वायरल वीडियो तथा स्टेशन परिसर में उपलब्ध सीसीटीवी फुटेज के आधार पर रेल प्रशासन एफआईआर दर्ज करने का कष्ट करें। भविष्य में बाहरी व्यक्तियों का प्रवेश आगरा मण्डल के सभी रेलवे स्टेशन परिसर में नहीं हो इसकी भी व्यवस्था किया जाने की आवश्यकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि आरपीएफ सिपाही जितेन्द्र कुमार के कहने पर निम्नलिखित बाहरी व्यक्तियों ने आरपीएफ स्टाफ के साथ ही डिप्टी एसएस के साथ मारपीट की है। घटना में ये भी थे शामिल- पवन पितल का लड़का, अनवर(उसमान का भाई) चीरु (माता भैय्या का लड़का) ओगेश, मनीष मोटा, साबीर सीसी (लोहामंडी), इसराइल (चांद का भाई) एवं अन्य लोग।

## कंप्यूटर प्रशिक्षण के लिए आवेदन 20 तक

**पिछड़ा वर्ग के युवक-युवतियों के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण**

**आगरा।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी विजय लक्ष्मी मौर्या ने अवगत कराया है कि शासन द्वारा पिछड़ा वर्ग के बेरोजगार युवक/युवतियों के लिए पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा निःशुल्क ओ लेबल एवं सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण दिया जाएगा। वित्तीय वर्ष 2026-27 जनपद में संचालित प्रशिक्षण संस्थानों प्रशिक्षण हेतु विभाग की बेबसाइट पर लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन 20 जुलाई तक निःशुल्क ओ-लेवल एवं सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण हेतु आवेदन किये जायेगें। प्रशिक्षण हेतु पात्रता की शर्तें तथा योजना के अन्तर्गत 1 लाख वार्षिक ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र दोनों में समान रूप से आय सीमा में आने वाले व्यक्तियों को ओ-लेबल/सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण अनुमन्य होगा। कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिए (10+12) इण्टरमीडिएट न्यूनतम शैक्षिक आर्हता आवश्यक है। प्रशिक्षणार्थी की अधिकतम आयु 35 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। प्रशिक्षणार्थी बेरोजगार हो तथा किसी भी शिक्षण संस्थान से छात्रवृत्ति न ले रहा हो। प्रशिक्षणार्थी / आवेदक को जनपद आगरा का मूल निवासी होना अनिवार्य है। ऑनलाईन आवेदन करने के उपरान्त आवेदन पत्र की प्रति के साथ समस्त शैक्षिक व अन्य अभिलेखों सहित हार्डकॉपी को कार्यालय जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, आगरा भवन सं0 760 सेक्टर-14 आवास विकास कॉलोनी (नियर करकुंज चौराहा) सिकन्दरा में 20 जुलाई सायं 5:00 बजे तक जमा कर सकते है।

# स्तनपान का कमाल, सशक्त हो रहे नौनिहाल

नानी, दादी को बुलाकर गलतफहमियों को किया जा रहा दूर

टीएनएफ टुडे, आगरा।

**आगरा।** नगला धनी निवासी शिवांगी (25) अपने पांच माह के बच्चे को स्तनपान करा रही थी। लेकिन गर्मी बढ़ी तो उसकी सास ने बच्चे को पानी पिलाना शुरू कर दिया। बच्चे की तबियत खराब हो गई। उसे बुखार और दस्त आने लगे। जीवनीमंडी स्वास्थ्य केंद्र पर ले गई तो डॉक्टर ने पहला सवाल पूछा- मां के दूध के अतिरिक्त और क्या दे रही हो। बताया तो डाक्टर ने सास और परिवार के अन्य सदस्यों को बुलाया और समझाया कि शिशु को छह माह तक केवल स्तनपान ही कराना चाहिए। मां के दूध में पर्याप्त मात्रा में तरल होता है, जो बच्चे में पानी की कमी नहीं होने देता।


जीवनीमंडी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. मेघना शर्मा के अनुसार ऐसे मामले रोजाना ओपीडी में



आते रहते हैं। इसलिए समुदाय में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रसव कक्ष के पास ही स्तनपान कॉर्नर स्थापित किया गया है। यहां स्टाफ नर्स बच्चे की मां और दादी, नानी सहित परिवार के सदस्यों को काउंसलिंग देती है। साथ ही मां को स्तनपान का सही तरीका चार्ट के माध्यम से समझाया जाता है। मार्च से अब तक 575 गर्भवती और धात्री माताओं सहित परिवार के अन्य सदस्यों की काउंसलिंग की जा चुकी है।

उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेंद्र मोहन प्रजापति ने बताया कि स्तनपान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए जनपद में ऐसी 74 स्वास्थ्य इकाइयों पर स्तनपान कार्नर स्थापित किए गए हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण श्रीवास्तव ने बताया कि मां का दूध बच्चे के लिए सबसे अच्छा आहार है। यह शिशु के विकास के लिए जरूरी है और उसे कई बीमारियों से बचाता भी है।

## बच्चे को बीमारियों से बचाता है मां का दूध



जिला महिला अस्पताल में तैनात बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. खुशबू केसरवानी के अनुसार मां का दूध शिशु के लिए अमृत के समान होता है। जन्म के तुरंत बाद शिशु को मां का गाढ़ा पीला दूध पिलाया जाना अति आवश्यक है । जन्म से छह माह की आयु तक शिशु को केवल माँ का दूध ही दिया जाना चाहिए। माँ के दूध में शिशु के लिए आवश्यक सभी पोषक तत्वों के साथ-साथ पर्याप्त मात्रा में पानी भी होता है, जो गर्मी के मौसम में भी उसकी प्यास बुझाने के लिए पर्याप्त है। मां का दूध बच्चे की इम्युनिटी को भी मजबूत करता है, जिससे बच्चे को दस्त, संक्रमण, निमोनिया इत्यादि से बचाव करने में भी मदद मिलती है।

**लाभार्थियों की जबानी, स्तनपान की कहानी**

नगला छिददा निवासी 30 वर्षीय कोमल बताती हैं कि उनका बच्चा चार महीने का हो चुका है। वह जन्म के तुरंत बाद से ही उसे स्तनपान करा रही हैं। गर्मी होने पर लोगों ने सलाह दी कि बच्चे को पानी पिलाया करें तो मैंने चिकित्सक से सलाह लेना उचित समझा। मुझे बताया गया कि छह माह तक केवल स्तनपान ही कराना है। बच्चे को पानी न देने पर भी डिहाइड्रेशन की समस्या नहीं होती। मोतीलाल नेहरू रोड निवासी 33 वर्षीय पूनम बताती हैं कि चिकित्सकीय सलाह के अनुसार उन्होंने अपने बच्चे को छह माह तक केवल स्तनपान कराया और आज उनका बच्चा एकदम स्वस्थ है। यह बच्चे को कई बीमारियों से बचाता है।

**टीएनएफ टुडे** मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड के लिए **धीरज शर्मा** द्वारा श्रीराम मार्केट फूलपुर अड्डा, देवरी रोड, फतेहाबाद आगरा से प्रकाशित एवं मुद्रक पवन पाठक द्वारा इम्प्रैशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड गुरू का ताल सिकंदरा रोड आगरा से मुद्रित।
**संपादकः धीरज शर्मा**, फोनः 9412359817, E mail: tnftoday.com@gmail.com वेबसाइटः www.tnftoday.com
पंजीयन नं. UPHIN/25/A3702 (संपादक इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।)

## सम्पादकीय

# 3 देशों से भारत के लिए आखिर क्या लाए मोदी?


3 देशों से भारत के लिए आखिर क्या लाव्यापार बढ़ाने, दुर्लभ खनिजों की आपूर्ति मजबूत करने, इस्पात उद्योग में संयुक्त निवेश करने और दोनों देशों की मुद्राओं में लेन-देन बढ़ाने पर भी सहमति बनी। स्वास्थ्य क्षेत्र में दवाइयों के मानकों, चिकित्सा कर्मचारियों के प्रशिक्षण और खाद्य सुरक्षा पर समझौते हुए। कृषि, उर्वरक, ऊर्जा, दूरसंचार, विज्ञान, अंतरिक्ष अनुसंधान और आपदा प्रबंधन में भी नए समझौते हुए। दोनों देशों ने समुद्री और हवाई संपर्क बढ़ाने, सबांग बंदरगाह के विकास में सहयोग, डिजिटल भुगतान व्यवस्था को मजबूत करने और छोटे कारोबारियों को डिजिटल बाजार से जोड़ने की दिशा में भी कदम बढ़ाया। साथ ही सांस्कृतिक रिश्तों को मजबूत करने के लिए प्रंबानन मंदिर के संरक्षण कार्य को आगे बढ़ाया जाएगा और दोनों देशों ने अगले दो वर्षों को गुरुदेव रवींद्रनाथ ठाकुर और की हजर देवंतरा की सांस्कृतिक स्मृति के रूप में मनाने का फैसला भी किया। बहरहाल, प्रधानमंत्री मोदी का यह तीन देशों का दौरा कई मायनों में सफल माना जा सकता है। न्यूजीलैंड के साथ ऐतिहासिक नई साझेदारी बनी, ऑस्ट्रेलिया के साथ रक्षा, शिक्षा और ऊर्जा संबंधों को नई मजबूती मिली, जबकि इंडोनेशिया के साथ समुद्री सुरक्षा, व्यापार और तकनीक के क्षेत्र में सहयोग का नया रास्ता खुला। इन समझौतों का असर आने वाले वर्षों में भारत की सुरक्षा, व्यापार, शिक्षा, कृषि, ऊर्जा और रोजगार जैसे कई क्षेत्रों में दिखाई दे सकता है। यही वजह है कि इस पूरे दौरे को भारत की विदेश नीति के लिए एक मजबूत और दूरगामी उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के इस दौरे की शुरूआत इंडोनेशिया से हुई जहां दोनों देशों ने अपने पुराने रिश्तों को और मजबूत बनाने का फैसला किया। प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो के बीच हुई बातचीत में रक्षा, समुद्री सुरक्षा, व्यापार, स्वास्थ्य, कृषि, विज्ञान, अंतरिक्ष, ऊर्जा, शिक्षा और संस्कृति जैसे लगभग हर क्षेत्र पर विस्तार से चर्चा हुई।सबसे बड़ी बात यह रही कि दोनों देशों ने रक्षा सहयोग को नई ऊंचाई देने का फैसला किया। ब्रह्मोस मिसाइल प्रणाली और हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों पर सहयोग बढ़ेगा। समुद्री सुरक्षा, संयुक्त अभ्यास, तटरक्षक बलों के बीच तालमेल और जहाज निर्माण में भी साथ काम होगा। भारत और इंडोनेशिया आतंकवाद के खिलाफ भी मिलकर काम करेंगे और नई तकनीक का गलत इस्तेमाल रोकने पर भी सहयोग बढ़ेगा। करीब एक सप्ताह के विदेश दौरे के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब स्वदेश लौट रहे हैं तो ऐसा नहीं लगता कि वह केवल तीन देशों की यात्रा पूरी करके लौटे हैं, बल्कि ऐसा लगता है कि वह दुनिया के सामने नए भारत की ताकत, उसकी बढ़ती हैसियत और उसके उज्ज्वल भविष्य का दमदार परिचय देकर लौटे हैं। हम आपको बता दें कि इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की यात्रा के दौरान मोदी ने तीनों देशों के साथ रक्षा, व्यापार, शिक्षा, ऊर्जा, तकनीक और समुद्री सुरक्षा जैसे कई अहम समझौते किए। साथ ही उन्होंने दुनिया को यह भी बताया कि आज का भारत सिर्फ बातों से नहीं, बल्कि अपनी मिसाइलों की ताकत, आधुनिक तकनीक, मजबूत अर्थव्यवस्था और विकसित भारत के संकल्प के दम पर नई ऊंचाइयों की ओर तेजी से बढ़ रहा है। साथ ही तीनों देशों में प्रधानमंत्री का जिस गर्मजोशी और भव्य अंदाज में स्वागत हुआ, उसने भारत की बढ़ती साख की साफ तस्वीर पेश की। इतना ही नहीं, जब मोदी ने वहां बसे भारतीय समुदाय को संबोधित किया तो वहां के शीर्ष नेताओं ने भी उनकी लोकप्रियता और भारतीयों के उत्साह को करीब से देखा। इससे एक बार फिर साफ हो गया कि मोदी की पहचान अब केवल भारत के प्रधानमंत्री तक सीमित नहीं है, बल्कि दुनिया के प्रभावशाली नेताओं में उनकी छवि लगातार और मजबूत होती जा रही है।

# प.एशिया में तनाव से फिर बढ़ी वैश्विक चिंता

पश्चिम एशिया में फिर तनाव बढ़ रहा है। पिछली 28 फरवरी से शुरू हुआ युद्ध अवांछित जान-माल के नुकसान के बाद बीते दिनों थमा तो दुनिया ने राहत की सांस ली थी। लेकिन 60 दिनों का युद्धविराम समाप्त होने के बाद एक बार फिर से अमेरिका और ईरान युद्ध के मुहाने पर हैं। हाल ही में अमेरिका और ईरान के बीच तीखी बयानबाजी का दौर तो चला ही, इसके अलावा शनिवार देर रात अमेरिका ने ईरान के ऊपर आरोप लगाया कि उसने साइप्रस के झंडे वाले एक जहाज पर हमला किया है। इसके बाद अमेरिका की तरफ से ईरान के करीब 140 ठिकानों पर हमला किया गया। इस हमले के बाद ईरान ने भी पलटवार किया और कुवैत, बहरीन समेत प.एशिया में मौजूद तमाम अमेरिकी ठिकानों और सैन्य उपकरणों के अड्डों को निशाना बनाया। इसके बाद ईरान की 'इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गाड्र्स कॉर्प्स' आईआरजीसी ने चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका आगे हमला करता है, तो वह तगड़ा पलटवार करेगा।

# जलजनित बीमारियों से मरते करोड़ों लोग

> “ भारत को लें, नीति आयोग की मानें तो यहां साठ करोड़ लोगों को पीने का साफ पानी मयस्सर नहीं है। हरसाल 4 करोड़ लोगों की मौत डायरिया से होती है। एक करोड़ दिव्यांगता या दूसरी संक्रमित बीमारियों की चपेट में आकर मौत के मुंह में चले जाते हैं। इनमें बच्चों की तादाद सबसे ज्यादा होती है। चूंकि पेयजल और दैनंदिन अन्य जरूरतों की पूर्ति भूजल पर ही निर्भर है और भूजल औद्योगिक रासायनिक अपशिष्ट, मानवीय कचरा, कचरे के पहाड़ों और चिकित्सा क्षेत्र के कचरे आदि से इतना जहरीला हो गया है जो लाइलाज जानलेवा बीमारियों का कारण बन रहा है।



जल ही जीवन है ।यह सच भी है लेकिन जल की शुद्धता का सवाल आज समूची दुनिया के सामने सबसे बड़ी चुनौती के रूप में मुंह बाये खड़ा है। इस सम्बंध में विश्व स्वास्थ्य संगठन की मानें तो दुनियाभर में 220 करोड़ लोग दूषित पेयजल का उपयोग करने को विवश हैं। यह आंकड़ा वैश्विक आबादी का लगभग एक चौथाई हिस्सा है। देखा जाये तो दुनियाभर में 170 करोड़ से अधिक लोग ऐसे स्रोतों से लेकर पानी पी रहे हैं जो मानव या पशु मल से दूषित है। दुनिया में 10.6 करोड़ लोग सतही जलस्रोतों पर निर्भर हैं। प्रदूषित पानी पीने से हर साल दुनियाभर में 35 लाख से ज्यादा लोग हैजा, पेचिश, डायरिया, टायफायड , यकृत विकार, गुर्दे, हारमोनल असंतुलन आदि जानलेवा बीमारियों की चपेट में आकर मौत के मुंह में चले जाते हैं। दरअसल जल प्रदूषण वर्तमान समय की सबसे गंभीर वैश्विक समस्या तो है ही, वह पर्यावरणीय और स्वास्थ्य सम्बंधी प्रमुख समस्याओं में एक है। असलियत में सीवेज का पानी, औद्योगिक कचरा और रसायनों के मिलने से पानी में वैक्टीरिया, वायरस और आर्सैनिक, लैड जैसी भारी धातुएं घुल जाती हैं। इससे पाचनतंत्र, त्वचा और यहां तक कि शरीर के अंग तक प्रभावित हो जाते हैं। यही नहीं डायरिया, टायफायड, सिरदर्द, हैजा, लिवर को सीधे-सीधे प्रभावित करने वाली बीमारी पीलिया, हैपेटाइटिस-ए, पानी में मौजूद परजीवियों की वजह से पेचिश, त्वचा से सम्बंधित शरीर पर चकत्ते, एलर्जी और एक्जिमा आदि कई बीमारियों का यह कारण है। पानी में फ्लोराइड, आर्सैनिक और नाइट्रेट की अधिकता होने से शारीरिक विकास अवरुद्ध हो जाता है, हड्डियां कमजोर हो जाती हैं और गंभीर स्थिति होने पर कैंसर का खतरा तक बढ़ जाता है।

भारत को लें, नीति आयोग की मानें तो यहां साठ करोड़ लोगों को पीने का साफ पानी मयस्सर नहीं है। हरसाल 4 करोड़ लोगों की मौत डायरिया से होती है। एक करोड़ दिव्यांगता या दूसरी संक्रमित बीमारियों की चपेट में आकर मौत के मुंह में चले जाते हैं। इनमें बच्चों की तादाद सबसे ज्यादा होती है। चूंकि पेयजल और दैनंदिन अन्य जरूरतों की पूर्ति भूजल पर ही निर्भर है और भूजल औद्योगिक रासायनिक अपशिष्ट, मानवीय कचरा, कचरे के पहाड़ों और चिकित्सा क्षेत्र के कचरे आदि से इतना जहरीला हो गया है जो लाइलाज जानलेवा बीमारियों का कारण बन रहा है। दूषित जल मात्र एक पर्यावरणीय समस्या नहीं है, बल्कि इसने आज सार्वजनिक संकट का रूप ले लिया है। पानी जीवन की एक बुनियादी जरूरत है। लेकिन साफ पानी दुनिया के करोड़ों लोगों के लिए आज भी सपना बना हुआ है। भारत दुनिया में सर्वाधिक भूजल निकालने वाले देशों में अग्रणी है। अत्याधिक दोहन के चलते यहां न केवल भूजल स्तर लगातार गिर रहा है, बल्कि देश में अधिकांश जगहों पर भूजल में फ्लोराइड, आर्सैनिक आदि अन्य हानिकारक रसायनों की मात्रा भी लगातार बढ़ती जा रही है। दूषित जल का प्रभाव केवल मानव स्वास्थ्य तक ही सीमित नहीं रहता, इसका असर पारिस्थितिक तंत्र पर भी पड़ता है। नदियों और झीलों में बढ़ते प्रदूषण से जलीय जीवों का अस्तित्व संकट में पड़ जाता है, बहुतेरी प्रजातियां धीरे-धीरे समाप्ति के कगार पर पहुंच जाती हैं। फिर दूषित जल जब खेतों में प्रयोग किया जाता है, तब वह मिट्टी की गुणवत्ता को भी प्रभावित करता है। और अंततः खाद्य श्रृंखला के माध्यम से मानव शरीर को प्रभावित करता है।

हमारे देश में वह चाहे राज्य हों या फिर केन्द्र शासित प्रदेश, दूषित पेयजल की समस्या से सभी पीड़ित हैं। पेयजल के नमूने इस सच्चाई को उजागर करते हैं। वहां प्रदूषण नमूनों में से केवल एक चौथाई के ही शुद्ध किये जाने की व्यवस्था है। जाहिर है लोग विवशता में दूषित जल पी रहे हैं। यह हमारे विकास के दावों पर ही सवालिया निशान लगाता है। हाल के वर्षों में देश के इंदौर सहित कई शहरों में दूषित जल से हुयी मौतें इस बात की साक्षी हैं कि कहीं न कहीं कुछ न कुछ तो गडबड जरूर है और इससे देश के गांव -देहात ही नहीं शहर - महानगर भी अछूते नहीं हैं। वहां तो यह समस्या बडे. पैमाने पर है। वहां समस्या की विकरालता में जलापूर्ति हेतु डाली गयी पुरानी पाइप लाइनों की समय-समय पर मरम्मत न हो पाना और सीवेज निस्तारण की समुचित व्यवस्था के अभाव का बहुत बड़ा योगदान है। फिर वहां कहीं-कहीं पेयजल और सीवेज की पाइप लाइनों का पास-पास बिछा होना और उनमें लीकेज इस समस्या को और बढ़ा रहा है।

इसमें दो राय नहीं कि हमारे जल संसाधनों पर बढ़ती आबादी, बढ़ते शहरों और बढ़ते उद्योगों का भारी दबाव है। लेकिन उसके अनुपात में उचित जल प्रबंधन और सीवेज उपचार संयंत्रों की व्यवस्था कहें या उपलब्धता का अभाव हमारे जल संसाधनों , नदियों और भूजल के प्रदूषित होने का अहम कारण है।हांगकांग यूनिवर्सिटी आफ साइंसेज एण्ड टेक्नोलाजी के अध्ययन से खुलासा हुआ है कि भारत समेत दुनिया के बहुतेरे देशों के भूजल में सल्फेट का स्तर बहुत बढ़ गया है। सल्फेट युक्त पानी पीने से भारत समेत दुनियाभर के बहुतेरे देशों के तकरीब 1.70 करोड़ लोग पेट और आंत्रशोध की बीमारियों के शिकार हो रहे हैं। असलियत में सल्फेट युक्त पानी स्वास्थ्य के साथ-साथ पर्यावरण के लिए भी गंभीर खतरा है। अध्ययन में पाया गया कि दुनियाभर के 156 देशों के भूजल में सल्फेट की मात्रा सीमा से अधिक पायी गयी है। इन 1.70 करोड़ लोगों में से 82 फीसदी के आसपास लोग भारत, अमेरिका, मैक्सिको, स्पेन समेत 10 खास देशों में रहते हैं। आंकड़ों के हिसाब से आनुपातिक दृष्टि से 57 फीसदी आस्ट्रेलिया, 53 फीसदी अफ्रीका, 38 फीसदी एशिया, 17 फीसदी उत्तरी अमरीका, 13 फीसदी दक्षिणी अमरीका और 10 फीसदी योरोप महाद्वीप क्षेत्र का भूजल सल्फेट युक्त है। जबकि अफगानिस्तान में 183.32 मिलीग्राम/लीटर, मैक्सिको 175.05, पाकिस्तान 135.01, अमरीका 97.85 और भारत 81.71 मिलीग्राम/लीटर औसतन सल्फेट युक्त पानी है। अध्ययन कताओं ने चेताया है कि भारत के अलावा अल्जीरिया, पाकिस्तान, सऊदी अरब, इटली, मैक्सिको, ट्यूनीशिया, ईरान, स्पेन और अमरीका सल्फेट युक्त पानी वाले देशों में शीर्ष पर हैं।

असलियत है कि दूषित जल विकास के असंतुलित माडल, नीतिगत कमजोरियों और प्रशासनिक लापरवाही का जीता-जागता सबूत तो है ही, जनमानस का जल के प्रति दायित्व विहीन होने का भी प्रतीक है। यह भी कि साफ जल केवल सुविधा का विषय नहीं है, यह हरेक नागरिक का मौलिक अधिकार भी है। स्वच्छ पेयजल को जीवन की बुनियादी आवश्यकताओं यथा - भोजन , शिक्षा और स्वास्थ्य की तरह प्रमुखता देनी होगी और जल प्रबंधन में जन-भागीदारी को आवश्यक बनाया जाये, तभी समाज, सरकार और प्रशासन इस दिशा में सार्थक परिणाम लाने में सफल होंगे।

**-ज्ञानेन्द्र रावत**
**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं पर्यावरणविद हैं।)**

# इथेनॉल सम्मिश्रण : मकसद सही, बदलाव की रफ्तार गलत

इथेनॉल सम्मिश्रण जैसे एक ही तरीके से विदेशी मुद्रा बचाने, कार्बन उत्सर्जन कम करने और किसानों की आय बढ़ाने जैसे कई लक्ष्यों को हासिल करना आसान नहीं है। अच्छी पॉलिसी में ट्रेड-ऑफ को समझा जाता है, सही क्रम तय होता है और नागरिकों पर जबरदस्ती करने के बजाय उन्हें उनकी पसंद का विकल्प देकर मनाया जाता है।

'भारत में पेट्रोल में इथेनॉल मिश्रण कार्यक्रम ने कम समय में बहुत तरक्की की है। सम्मिश्रण का अनुपात 2013-14 में 1.5 प्रतिशत से बढ़कर 2025-26 में 20 प्रतिशत हो गया है जिससे ई-20 का लक्ष्य तय समय से पांच साल पहले ही हासिल कर लिया गया है। कई कारणों से अब यह विवाद का विषय बन गया है।

गाड़ी चलाने वाले लोग माइलेज कम होने, पुरानी गाड़ियों को नुकसान पहुंचने की आशंका और सबसे बड़ी बात, पेट्रोल पंपों पर कोई विकल्प न होने की शिकायत कर रहे हैं। दूसरी ओर सरकार कच्चे तेल के आयात में कमी, विदेशी मुद्रा की बचत, कार्बन उत्सर्जन में कमी और किसानों की अतिरिक्त आय का हवाला देती है। बंटे हुए विचारों वाली ज्यादातर बहसों की तरह दोनों पक्षों की अपनी-अपनी बात सही है। इथेनॉल न तो कोई जादुई ईंधन है और न ही कारों के लिए कोई यांत्रिक खतरा। ज्यादा सम्मिश्रण का लक्ष्य अच्छा है। फिर भी क्या हम वहां तक पहुंचने के लिए सही रास्ता, रफ्तार और क्रम चुन रहे हैं?

भारत ने बहुत तेजी से काम किया है। ई-20 ने देश भर के पेट्रोल पंपों पर असल में सभी तरह के सम्मिश्रण की जगह ले ली है। भारतीय सड़कों पर ई-20 के अनुकूल गाड़ियां 2023 से आनी शुरू हुईं। इसलिए लाखों पुरानी गाड़ियां ऐसा ईंधन इस्तेमाल कर रही हैं जिसके लिए उन्हें मूलरूप से नहीं बनाया गया था। ब्राजील में गाड़ी चलाने वालों के उलट भारतीय ग्राहकों के पास अलग-अलग सम्मिश्रण चुनने के बहुत कम विकल्प हैं। भाषा के संसाधन

इथेनॉल के लिए सरकार का पहला तर्क ऊर्जा सुरक्षा (एनर्जी सिक्योरिटी) है। भारत अपनी जरूरत का लगभग 90 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करता है और कीमतों में उतार-चढ़ाव को देखते हुए इस पर निर्भरता कम करना एक रणनीतिक प्राथमिकता है। देश में बना इथेनॉल कच्चे तेल के आयात




और विदेशी मुद्रा की कुछ बचत करता है।

लेकिन कितनी? 'सेंटर फॉर सोशल एंड इकानॉमिक प्रोग्रेस' (सीएसईपी) के अनुसार, 2014 से अगस्त 2024 के बीच इथेनॉल सम्मिश्रण से 181 लाख टन कच्चे तेल की खपत कम हुई और विदेशी मुद्रा में रुपए 1.06 लाख करोड़ की बचत हुई। यह उस दौरान भारत के कुल कच्चे तेल के आयात का सिर्फ.0.8 प्रतिशत है। यह सही है कि पिछले दशक में सम्मिश्रण का अनुपात काफी कम था और भविष्य में बचत ज्यादा हो सकती है।

यह भी ध्यान दें कि गन्ने, मक्का और चावल की खेती के लिए आयातित उर्वरकों के अलावा सिंचाई, प्रसंस्करण और परिवहन के लिए ऊर्जा की आवश्यकता होती है। सही बचत जानने के लिए इन सभी को घटाना आवश्यक है। दूसरा तर्क उत्सर्जन में कमी से संबंधित है। सीएसईपी की रिपोर्ट कहती है कि 2014 से अगस्त 2024 के बीच उर्वरक मिश्रण से 544 लाख टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन कम हुआ। अफसोस की बात है कि यह केवल लगभग एक चौथाई प्रतिशत ही है और इस गणना के लिए भी जीवनचक्र लेखांकन की आवश्यकता है जिसमें उर्वरक, भूजल पम्पिंग, खेती, प्रसंस्करण और परिवहन से होने वाले उत्सर्जन शामिल हैं। सार्वजनिक नीति के लिए ठीक इसी तरह के परिप्रेक्ष्य की आवश्यकता है।

तीसरा तर्क किसानों की अतिरिक्त कमाई का है। सीएसईपी का अनुमान है कि पिछले दशक में इथेनॉल बनाने के लिए इस्तेमाल होने वाली चीजों (फीडस्टॉक) की बढ़ी हुई मांग से किसानों ने रुपए 87,558 करोड़ कमाए। यह फायदा सिफ 'गन्ना, मक्का और धान उगाने वाले किसानों को ही मिला है। यह भारत के सभी किसानों को मिलने वाला कोई आम फायदा नहीं है। प्रतिशत के हिसाब से देखें तो यह एक दशक में हुई कुल खेती की कमाई का बहुत छोटा सा हिस्सा है। तेल और गैस

यहां हमें इथेनॉल की राजनीतिक अर्थव्यवस्था देखने को मिलती है। खासकर महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश में किसान, सहकारी समितियां, चीनी मिलें, डिस्टिलरी और राजनीति- इन सबके बीच गन्ना एक अहम कड़ी है। चीनी सेक्टर में अक्सर जरूरत से ज्यादा उत्पादन की समस्या रही है जिसकी एक वजह गन्ने की तय कीमतें और खरीद की पक्की व्यवस्था है। इथेनॉल ने अतिरिक्त गन्ने के लिए एक बेहतरीन रास्ता दिया और गन्ने के बकाया भुगतान को कम करने में मदद की।

इसके बावजूद शायद भारत के लिए सबसे बड़ी चुनौती न तो विदेशी मुद्रा है और न ही कार्बन। यह पानी है। गन्ना और चावल हमारी सबसे ज्यादा पानी लेने वाली फसलें हैं। भारत में पहले से ही पानी की भारी कमी है और देश के बड़े हिस्सों में भूजल स्तर गिर रहा है। कीमती विदेशी मुद्रा बचाने की कोशिश में हमें यह पक्का करना होगा कि हम इससे भी ज्यादा कीमती संसाधन का नुकसान न करें। ब्राजील के इथेनॉल के अनुभव को सीधे भारत में लागू नहीं किया जा सकता।

**-डॉ.अजीत रानाडे**

## सितारों की चाल: आपका भविष्यफल

**दिनांक 15 जुलाई 2026 बुधवार आषाढ़ शुक्ल प्रतिपदा**

**कल का दिन कैसा होगा? इसकी तैयारी आज ही करें!**

प्रिय पाठकों, TNF टुडे हमेशा आपकी सुविधा को सर्वोपरि रखता है। इसी उद्देश्य से हम आपको एक दिन अग्रिम (Advance) राशिफल प्रदान कर रहे हैं ताकि आप अपने महत्वपूर्ण कार्यों, बैठकों और यात्राओं की योजना आज रात ही बना सकें। सितारों की चाल जानकर संभावित चुनौतियों के प्रति पहले से सजग रहना ही सफलता की पहली सीढ़ी है।



मार्गदर्शन: आचार्य दीदी
डॉ. सरस्वती देवकृष्ण गौड़
(एस्ट्रो वास्तु शोधनम)
मो. 9119336673

### शुभकार्य हेतु आज का चंद्रबल

आज मेष वृष सिंह तुला धनु और मीन राशि के जातकों का आत्मबल मानसिक उत्साह और भाग्य का सहयोग बहुत उत्तम रहेगा। बुधवार का दिन साक्षात बुद्धि के प्रदाता विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश की साधना के लिए विशेष रूप से फलदायी माना जाता है। आज के दिन गणेश जी को दुर्वा दल अर्पित करना तथा गणपति अथर्वशीर्ष का पाठ करना जीवन में असीम बौद्धिक क्षमता आरोग्यता पारिवारिक सुख और उच्च प्रशासनिक सफलता लेकर आता है।

### मेष

आज आपकी सामाजिक साख और व्यावसायिक प्रतिष्ठा में भारी वृद्धि होगी जिससे कार्यक्षेत्र में आपका प्रभाव बढ़ेगा और सोचे हुए सभी रुके हुए काम गति पकड़ेंगे। व्यापारिक क्षेत्र में चल रही पुरानी मंदी आज पूरी तरह समाप्त होगी और अचानक नए माध्यमों से प्रचुर धन लाभ होने के सुंदर योग बन रहे हैं। भगवान गणेश जी को प्रणाम करें जिससे आपके मार्ग की सभी बाधाएं हमेशा के लिए दूर होंगी।

### वृष

आज का दिन आपके लिए आर्थिक और पारिवारिक दृष्टिकोण से अत्यंत भाग्यशाली सिद्ध होगा और भूमि भवन से जुड़े पुराने विवाद हल होंगे। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारियों के सहयोग से आपको किसी बड़े और प्रतिष्ठित कार्य की जिम्मेदारी मिल सकती है जिससे मस्तक ऊंचा होगा और मन अत्यंत प्रसन्न रहेगा। गणेश चालीसा का जाप करें जिससे आपके घर में स्थाई सुख और ऐश्वर्य का वास होगा।

### मिथुन

आज आप अपनी तीव्र बुद्धिमत्ता और प्रखर वाणी के बल पर जटिल से जटिल सांगठनिक और व्यापारिक समस्याओं को बेहद आसानी से हल कर लेंगे। स्वास्थ्य के प्रति बिल्कुल भी लापरवाही न बरतें और विशेष रूप से अत्यधिक काम के बोझ के कारण होने वाली शारीरिक थकावट से खुद को बचाएं। गणपति जी के सम्मुख घी का दीपक प्रज्वलित करें जिससे आपके भाग्य के बंद द्वार शीघ्र खुलेंगे।

### कर्क

मानसिक रूप से आज आप खुद को अत्यधिक ऊर्जावान और शांत महसूस करेंगे जिससे किसी बड़े व्यावसायिक निवेश का निर्णय लेने में आपको सफलता मिलेगी। परिवार की ओर से कोई अत्यंत सुखद और गौरवमयी समाचार प्राप्त हो सकता है जिससे पूरे परिवार में उल्लास का माहौल बना रहेगा। रिद्धि सिद्धि के दाता को मोदक अर्पित करें जिससे आपकी आर्थिक चिंताएं समाप्त होंगी।

### सिंह

आज कार्यस्थल पर सहकर्मियों या व्यावसायिक साझेदारों के साथ किसी भी प्रकार के व्यर्थ के अहंकार के टकराव से आपको पूरी तरह बचना होगा। वाहन या किसी भी प्रकार की मूल्यवान वस्तु खरीदते समय अपने बजट का विशेष ध्यान रखें और अत्यधिक फिजूलखर्ची पर नियंत्रण रखें। मस्तक पर केसर का तिलक लगाएं जिससे राजनीति के क्षेत्र में आपकी ऐतिहासिक विजय होगी।

### कन्या

आज आपको मित्रों और वरिष्ठ सहयोगियों की मदद से किसी बड़े नए व्यावसायिक अनुबंध की प्राप्ति होगी जिससे आपकी संचित पूंजी में वृद्धि होगी। विद्यार्थियों को परीक्षा में अपनी कठिन मेहनत का बेहद सकारात्मक और मनोनुकूल परिणाम प्राप्त होने के सुंदर योग बन रहे हैं। बेसहारा लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था करें जिससे आपके यश में निरंतर वृद्धि होगी।

### तुला

आज सामाजिक और राजनैतिक क्षेत्र से जुड़े जातकों का प्रभाव क्षेत्र बढ़ेगा और समाज में उनके द्वारा किए गए कार्यों की हर स्तर पर सराहना होगी। दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी और जीवनसाथी के सहयोग से कोई बड़ा रुका हुआ पारिवारिक काम आज आसानी से पूरा हो जाएगा। किसी मंदिर में हरी मूंग की दाल का दान करें जिससे आपके जीवन के सभी भ्रम दूर होंगे।

### वृश्चिक

धार्मिक यात्राओं और देव दर्शन के सुंदर योग बन रहे हैं जिससे आपकी आंतरिक व्याकुलता पूरी तरह शांत होगी और मन को असीम संबल मिलेगा। व्यावसायिक क्षेत्र में किसी भी अपरिचित व्यक्ति पर जरूरत से ज्यादा भरोसा न करें अन्यथा आपको बड़ा आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। संकट नाशन गणेश स्तोत्र का पाठ करें जिससे आपके मार्ग की सभी गुप्त राजनैतिक बाधाएं दूर होंगी।

### धनु

आज सेहत को लेकर विशेष रूप से सावधान रहने की आवश्यकता है क्योंकि अत्यधिक कार्यभार के कारण शारीरिक कमजोरी महसूस हो सकती है। सगे संबंधियों के साथ धन का बड़ा लेन देन करते समय पूरी सावधानी बरतें और बिना लिखा पढ़ी के कोई बड़ा आर्थिक व्यवहार न करें। गणेश मंत्र का मानसिक जाप करें जिससे आपके भीतर एक अद्भुत और नई सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा।

### मकर

साझेदारी में चल रहे व्यापार में आज मनोनुकूल प्रगति होगी और नए बड़े व्यावसायिक सहयोगी जुड़ने से आपके काम को बाजार में एक नई गति प्राप्त होगी। प्रेम संबंधों और पारिवारिक रिश्तों में आपसी तालमेल बहुत मधुर रहेगा तथा सभी सदस्य एक दूसरे की भावनाओं का पूरा सम्मान करेंगे। विघ्नहर्ता गणेश जी को याद करें जिससे आपके पारिवारिक जीवन के सभी कष्ट हमेशा के लिए दूर होंगे।

### कुंभ

आज आप अपने पराक्रम और कुशल कूटनीति के बल पर विरोधियों और शत्रुओं के हर चक्रव्यूह को पूरी तरह से ध्वस्त करने में सफल रहेंगे। पुराने कानूनी मामलों में आज आपके पक्ष में कोई बहुत बड़ी और सुखद खबर सुनने को मिल सकती है। पक्षियों को दाना खिलाएं जिससे आपके मन का अज्ञात भय पूरी तरह समाप्त हो जाएगा।

### मीन

कला साहित्य लेखन और रचनात्मक क्षेत्रों से जुड़ी प्रतिभाओं को आज कोई बड़ा राष्ट्रीय सम्मान या विशिष्ट पहचान मिलने के सुंदर योग बन रहे हैं। संतान पक्ष की शिक्षा या करियर को लेकर चल रही पुरानी चिंताएं आज पूरी तरह समाप्त होंगी जिससे मन को बड़ी राहत मिलेगी। किसी मंदिर में धार्मिक पुस्तक दान करें जिससे आपके सुख और भौतिक साधनों में निरंतर वृद्धि होगी।

### आज का वास्तु शोधनम सूत्र

बुधवार के दिन घर के मुख्य हॉल में उत्तर या उत्तर पूर्व की दिशा में हरे भरे पौधों का कोई सुंदर गमला या धन को आकर्षित करने वाला यंत्र स्थापित करने से घर की नकारात्मक ऊर्जा और भयंकर वास्तु दोष पूरी तरह शांत होता है तथा साक्षात गणपति जी की असीम कृपा से परिवार के सदस्यों का आर्थिक संकट दूर होता है और सुख समृद्धि हमेशा बढ़ती रहती है।

# अबकी बारी बांके बिहारी के उद्घोष से गूंजा मथुरा

## भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा की ब्रज क्षेत्र कार्यसमिति बैठक संपन्न

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।




भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश पाल के प्रथम ब्रज क्षेत्र आगमन पर रविवार को पुष्पांजलि स्थित भाजपा जिला कार्यालय में ब्रज क्षेत्र के सभी 19 अध्यक्षों के साथ कार्यसमिति बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन विस्तार, बूथ सशक्तीकरण तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यकताओं ने जो श्याम का नहीं, वो मेरे काम का नहीं तथा अबकी बारी बाँके बिहारी के नारों के साथ प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया।

इससे पूर्व भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के महानगर अध्यक्ष दीपक गोला के नेतृत्व में प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश पाल का पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया। जिला मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा ने बताया कि भाजपा महानगर अध्यक्ष हरीशंकर राजू यादव के नेतृत्व में प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश पाल, प्रदेश मंत्री प्रमेन्द्र जांगड़ा तथा अन्य पदाधिकारियों ने बैठक से पूर्व सर्वप्रथम ठाकुर श्री बाँके बिहारी जी के दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके उपरांत श्री बाँके बिहारी मंदिर से निषाद बगीची होते हुए कालीदेह मार्ग तक पथ संचलन निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकताओं ने भाग लिया। प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश पाल कार्यकताओं से कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने पिछड़े वर्ग, वंचित एवं समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को नेतृत्व और सम्मान देने का कार्य किया है। उन्होंने कहा जय माधव, जय यादव तथा अबकी बारी बाँके बिहारी का उद्घोष करते हुए कार्यकताओं में उत्साह का संचार किया। विशिष्ट अतिथि एवं भाजपा प्रदेश मंत्री प्रमेन्द्र जांगड़ा ने कार्यकताओं से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने तथा सरकार की योजनाओं को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम का संचालन भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के क्षेत्रीय महामंत्री बबलू लोधी ने किया। बैठक में भाजपा महानगर अध्यक्ष हरीशंकर राजू यादव, दीपक प्रजापति गोला, अश्वनी सैनी, हेमेंद्र वर्मा, मोहित निषाद, गिरधारी लाल करण, आकाश सोनी, अर्जुन सोनी, अमर सिंह पोनिया, राहुल आर्य, कप्तान सिंह ठैनुआ, मोहित बघेल, देवेंद्र बघेल, संजय प्रधान, विमलेश वर्मा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# स्कूलों में सेफ्टी एंड रिस्क मैनेजमेंट के गुर सिखाएंगे विशेषज्ञ

- डिजास्टर एक्सपर्ट्स की तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, फरह।



प्रदेश के 1.40 लाख विद्यालयों में सेफ्टी एंड रिस्क मैनेजमेंट के गुर सिखाएंगे विशेषज्ञ। इन डिजास्टर विशेषज्ञों के लिए फरह स्थित हरदयाल टेक्निकल कॉलेज में तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। विद्यालयों को सुरक्षित एवं आपदा-प्रतिरोधी बनाने के उद्देश्य से संचालित स्कूल सेफ्टी एंड रिस्क असेसमेंट प्रोजेक्ट के अंतर्गत सरकारी एवं सहायता प्राप्त विद्यालयों का सेफ्टी एंड रिस्क असेसमेंट किया जाएगा।

डिजास्ट एक्सपर्ट्स बनाने का कार्य चयनित संस्था बेनेट कोलमैन लिमिटेड द्वारा होगा। कार्यक्रम के अंतर्गत सीनियर मैनेजर (डिजास्टर) मनोज कुमार सिंह के साथ प्रबंधन टीम के मुख्य सदस्य दीपक गुप्ता, पंकज मिश्रा और देवेन्द्र सिंह विशेषज्ञों को प्रशिक्षित करेंगे।

परियोजना प्रबंधन टीम ने बताया कि इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य उत्तर प्रदेश के विद्यालयों को अधिक सुरक्षित, आपदा-सक्षम बनाना और विद्यार्थियों के लिए एक सुरक्षित व संरक्षित शिक्षण वातावरण उपलब्ध कराना है। यह प्रशिक्षित टीम प्रदेश भर के विद्यालयों में जाकर धरातल पर सुरक्षा और जोखिम आकलन का कार्य करेगी, ताकि परियोजना का प्रभावी क्रियान्वयन हो सके।

# सवर्ण समाज अब किसी पार्टी का मोहताज नहीं: गोस्वामी

- राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा बन रहा मजबूत विकल्प
- ब्रज प्रदेश की बैठक में संगठन विस्तार, बूथ स्तर तक मजबूती पर दिया जोर

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, वृंदावन।

राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा ब्रज प्रदेश की बैठक गोधूलीपुरम स्थित हरिदास धाम में आयोजित की गई। बैठक में अलीगढ़ एवं मथुरा के जिला अध्यक्षों, महानगर अध्यक्ष तथा कार्यकारिणी के सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में संगठन के विस्तार, आगामी कार्यक्रमों तथा जनसंपर्क अभियान को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आचार्य आनंद बल्लभ गोस्वामी ने कहा कि अब समय आ चुका है कि सवर्ण समाज किसी भी राजनीतिक दल का मोहताज न रहे।

उन्होंने कहा कि सवर्ण समाज अपने अधिकारों की रक्षा और सम्मान के लिए राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा के साथ बड़ी संख्या में जुड़ रहा है। संगठन समाज के सभी वर्गों की आवाज बनकर कार्य करेगा। प्रदेश प्रभारी मनोज कुमार शर्मा ने कहा कि संगठन को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाकर सभी जिलों को एक सूत्र में जोड़ना है। उन्होंने सभी जिला अध्यक्षों को निर्देश दिए कि संगठन की गतिविधियों में निरंतर गतिशीलता बनाए रखें तथा बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करते हुए अधिक से अधिक लोगों को मोर्चे से जोड़ें। जिला अध्यक्ष डॉ. रमाकांत भारद्वाज ने कहा कि अति शीघ्र यूजीसी कानून के विरोध में एक बड़ा शक्ति प्रदर्शन किया जाएगा।

इस अवसर पर मनोज कुमार शर्मा, प्रकाश शर्मा, विवेक पाठक, अजय शर्मा, एन.एल. शर्मा, सुधांशु शर्मा, केशव शंखधार, रजत मिश्रा, नीरज गौड़, तपेश पाठक, महानगर अध्यक्ष नवोदित गोस्वामी, पंकज शर्मा, राजीव बंसल सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बालकों के मस्तक किन्तु बुजुर्गों के चरणों को चूमते हैं हम: साध्वी ऋतंभरा



टीएनएफ टुडे ब्यूरो, वृंदावन।

छटीकरा मार्ग स्थित श्रीकृष्ण जन्माष्टमी आश्रम में एकल विद्यालय फाउंडेशन ऑफ इण्डिया के पूर्व अध्यक्ष विजय मारू की पुस्तक साठ नॉट आउट का लोकार्पण पद्मभूषण विभूषित साध्वी ऋतंभरा एवं स्वामी गिरीशानंद महाराज द्वारा किया गया। लोकार्पण करते हुए साध्वी ऋतंभरा ने कहा कि हम बालकों के मस्तक को चूमते हैं किन्तु बुजुर्गों के चरण चूमते हैं। इसका कारण यह है उनके जीवन के अनुभवों को ग्रहण करना। उन्होंने कहा कि साहित्य समाज की अभिव्यक्ति है।

स्वामी गिरीशानंद ने कहा विजय मारू ने नेवी से रिटायर होने के बाद वरिष्ठ नागरिकों के दर्द को समझा और उसे दूर करने के प्रयास को साठ नॉट आउट पुस्तक के रूप में संजोया है। पुस्तक का सन्देश स्पष्ट है कि साठ वर्ष जीवन का अन्त नहीं बल्कि एक नई और सार्थक शुरूआत है।

लेखक विजय मारू ने बताया कि पुस्तक के लेख किसी शोध का परिणाम नहीं हैं बल्कि जीवन को निकट से देखने, समझने और अनुभव करने की संवेदनशील यात्रा के पड़ाव हैं। इस अवसर पर परमशक्ति पीठ के राष्ट्रीय सचिव संजय गुप्ता, रमाकान्त उपाध्याय, महंत फूलडोल दास, महंत लाड़िली दास,सी.वी पाटोदिया, साध्वी साक्षी चेतना, स्वामी सत्यशील आदि उपस्थित रहे। संचालन संजीव टेकरीवाल ने किया।

## आगरा की घटना पर एनसीआरईएस का प्रदर्शन

**टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।** एनसीआरईएस बाया आगरा कैंट स्टेशन पर आरपीएफ द्वारा रात की ड्यूटी पर तैनात डीएसएस कैन्ट नरेन्द्र सिंह चाहर के साथ मारपीट गाली गलौज तथा घसीट कर ले जाने के विरोध में प्रदर्शन किया गया। आगरा कैंट स्टेशन पर नरेन्द्र सिंह चाहर के साथ मारपीट गाली गलौच तथा प्लेटफार्म पर घसीट कर ले जाने की शर्मनाक हरकत की है। जिससे कर्मचारियों में अत्यन्त शेष एवं गुस्सा व्याप्त है। इसकी जानकारी मिलने पर तुरन्त एनसीआरईएस पदाधिकारी एवं कार्यकत्री स्टेशन पर पहुंच गये। आरपीएफ थाने के सामने इस घटना को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। एनसीआरईएस जब विरोध प्रदर्शन कर रही थी। तभी आरपीएफ थाने पर मौजूद वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त ने एनसीआरईएस को बताया कि तत्काल चारों दोषी आरपीएफ कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया है। तथा डीआरएम ने एक कमेटी बना कर घटना की जांच के आदेश दिये है। जब दोषियों पर सख्त कार्यवाही के लिये अब एनसीआरईएस ने कहा तो उन्होने सख्त कार्यवाही का आश्वासन भी दिया।

## मथुरा से छह एसडीएम और दो सहायक नगर आयुक्तों के तबादले

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

प्रदेश में बड़े पैमाने पर .पीसीएस अधिकारियों के तबादले हुए हैं। इस प्रक्रिया का असर मथुरा जनपद भी पडा है। छह एसडीएम और दो सहायक नगर आयुक्तों सहित कुछ आठ पीसीएस अधिकारियों को जनपद से बाहर स्थानांतरित कर दिया गया है। इस स्थानांतरण सूची का असर कान्हा की नगरी मथुरा में भी देखने को मिला है, जहां अपनी सेवाएं दे रहे आठ पीसीएस अफसरों का ट्रांसफर दूसरे जिलों में कर दिया गया है। सरकारी आदेश के मुताबिक मथुरा में तैनात एसडीएम नरेंद्र यादव का तबादला कानपुर देहात के लिए हुआ है। वहीं एसडीएम दीपिका मैहर को शामली जनपद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा एसडीएम रितु सिरोही को पड़ोसी जिले हाथरस भेजा गया है। मथुरा वृन्दावन नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त राकेश कुमार त्यागी का स्थानांतरण रामपुर कर दिया गया है। वहीं दूसरी तबादला सूची में एसडीएम सदर आदेश कुमार को रामपुर भेजा गया है। एसडीएम छाता वैभव गुप्ता का कन्नौज ट्रांसफर किया गया है। एसडीएम महावन ऊषा सिंह को कानपुर देहात तैनात किया गया। वहीं मथुरा- वृन्दावन नगर निगम की सहायक नगर आयुक्त कल्पना सिंह चौहान को हापुड़ भेजा गया है।

## व्यापारियों ने वाहन ट्रेनिंग को लेकर मंडी सचिव को दिया ज्ञापन

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

कृषि उत्पादन मंडी समिति में वाहन टैगिंग के विरोध में ज्ञापन मंडी में व्यापार करने वाले व्यापारियों ने मंडी सचिव को ज्ञापन दिया। मंडी सचिव ने व्यापारियों को आश्वासन दिया कि व्यापारियों की समस्या का समाधान करेंगी। ज्ञापन में व्यापारियों ने लिखा था कि मंडी समिति द्वारा प्रारंभ की गई वाहन टैगिंग की नई व्यवस्था जो की व्यापारियों के लिए एक बड़ी समस्या हो गई है। जिससे उनको व्यापार करने में काफी दिक्कत आ रही है, क्योंकि यह एक कंप्यूटर और मोबाइल की आधुनिक व्यवस्था है। जिसके कारण व्यापारी पर अतिरिक्त खर्चा बढ़ रहा है। जो साइट मंडी समिति द्वारा बनाई गई है उसमें सरवर और स्कैनिंग करने में काफी समय लग जाता है। कभी-कभी तो चार से पांच घंटे लग जाते हैं। जिससे व्यापारिक कार्य की गतिविधि बाधित हो रही है। व्यापारियों ने मंडी सचिव से मांग की कि जल्द से जल्द इस व्यवस्था को वापस लिया जाए। जिससे कि कार्य में बाधा उत्पन्न नहीं हो। ज्ञापन देने वालों में सूरजभान चौधरी, धर्मचंद, झम्मन, आशीष, भोला चाचा, श्यामसुंदर, माधव अग्रवाल, विष्णु शर्मा, नरेश शर्मा, अशोक ठाकुर, बृजकिशोर शर्मा, जितेंद्र, विजय, अशोक, राजकुमार, विनोद गोवर्धन, लव चौधरी, हरीश, रवि, राहुल आदि थे।

## बांके बिहारी मंदिर के बाहर बेहोश हुआ श्रद्धालु

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, वृंदावन।

विश्व प्रसिद्ध ठाकुर बांके बिहारी मंदिर के बाहर एक श्रद्धालु के अचानक बेहोश होकर गिर जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि श्रद्धालु मंदिर के गेट नंबर-4 की ओर बेहोशी की हालत में पड़ा दिखाई दे रहा है, जबकि मौके पर मौजूद एक पुलिसकर्मी उसे होश में लाने का प्रयास करता नजर आ रहा है। वायरल वीडियो में आसपास लोगों की भीड़ भी एकत्र दिखाई दे रही है। घटना के बाद वहां कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हालांकि श्रद्धालु की पहचान और उसकी स्वास्थ्य स्थिति को लेकर आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। वीडियो वायरल होने के बाद सोशल मीडिया पर मंदिर की व्यवस्थाओं को लेकर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। कई लोग श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या के बीच चिकित्सा सहायता, आपातकालीन व्यवस्था और भीड़ प्रबंधन को लेकर सवाल उठा रहे हैं। खासतौर पर मंदिर की व्यवस्थाओं का संचालन कर रही हाई पावर्ड मैनेजमेंट कमेटी की कार्यप्रणाली पर भी चर्चा तेज हो गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मंदिर परिसर और उसके आसपास प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए त्वरित चिकित्सा सहायता, पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था और प्रभावी भीड़ नियंत्रण की आवश्यकता है।

## थाना हाईवे क्षेत्र से दो शातिर मोटरसाइकिल चोर पकड़े

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

थाना हाईवे पुलिस द्वारा चोरी के अभियोग में वांछित दो अभियुक्तों को चोरी की दो मोटर साइकिल सहित गिरफ्तार किया गया है। थाना हाईवे पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर चन्दनवन फेस-1 से बालाजीपुरम जाने वाले रास्ते से थाना हाईवे पर पंजीकृत अभियोग में वांछित अभियुक्तगण पूरन सिंह पुत्र पदम सिंह निवासी कलुआ बेलोट थाना गोण्डा जिला अलीगढ़ हाल निवासी एटीवी थाना हाईवे मथुरा उम्र 24 वर्ष व राजेश पुत्र चन्द्रपाल सिंह रावत निवासी रजत विहार कलोनी आनंद भवन थाना हाईवे को चोरी की दो मोटर साइकिल सहित गिरफ्तार किया गया। वहीं अभियुक्त पूरन सिंह थाना हाइवे में आधा दर्जन से ज्यादा आपराधिक मामले दर्ज हैं। वहीं अभियुक्त राजेश के विरूद्ध जनपद के विभिन्न थानों में करीब एक दर्जन आपराधिक मामले दर्ज हैं। कार्यवाही करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक प्रशान्त कपिल थाना हाईवे, एसआई अनुज तोमर चौकी प्रभारी बालाजीपुरम थाना हाईवे आदि पुलिसकर्मी थे।

## एनसीसी कैडेट्स एवं शिक्षकों ने किया पौधा रोपण

**मथुरा।** प्रदेश सरकार की मुहिम एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत रविवार को चंपा अग्रवाल इंटर कॉलेज में कॉलेज के छात्रों एवं अध्यापकों के साथ एनसीसी कैडेट्स ने वृहद स्तर पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश प्रदान किया। कॉलेज के कार्यवाहक प्रधानाचार्य रामवीर सिंह ने छात्रों एवं एनसीसी कैडेट्स को पौधों की सुरक्षा एवं देखभाल की शपथ भी दिलाई। साथ ही कालेज के छात्रों और एनसीसी कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण संतुलन के लिए और आगे आने वाली पीढ़ियां के लिए हमें वृक्षों की बहुत आवश्यकता है। इसलिए हमें अधिक से अधिक संख्या में पौधारोपण करना चाहिए। इस अवसर पर मनोहर सिंह, प्रेम सरोज मौर्य, आशुतोष अग्रवाल, अनिल कुमार वर्मा, रोहित कुमार, सत्यभान एवं मयंक चौधरी आनंद कुमार, दिनेश पाठक, त्रिलोकी, कपिल, राज चौधरी, रसखान, करन चौधरी, नितिन, राम अवतार आदि कैडेट्स उपस्थित रहे।

## मां बगलामुखी मंदिर में लगी आग, सामान जलकर राख

**मथुरा।** मथुरा-वृन्दावन मार्ग स्थित मिर्जापुर धर्मशाला के सामने स्थित मां बगलामुखी मंदिर में अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग लगते ही क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई।मंदिर के पुजारी आशीष पांडेय के अनुसार बगीची का कमरा बंद करने के बाद अचानक उसमें से धुआं निकलने लगा। वहां मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए समय रहते आग पर काबू पा लिया।

# बिना पंजीकरण संचालित ई रिक्शा और ऑटो होंगे बंद

## तीन दिन की हड़ताल पर हैं ऑटो और ई रिक्शा चालक

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, वृंदावन।

नगर की बिगड़ती यातायात व्यवस्था एवं बिना पंजीकरण संचालित ई-रिक्शा और ऑटो के संचालन पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से सोमवार को नगर निगम के जोनल कार्यालय में वृंदावन सिविल सोसाइटी, नगर निगम और पुलिस प्रशासन की संयुक्त बैठक आयोजित की गई।

बैठक में नगर की यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने तथा जाम की समस्या के स्थायी समाधान पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही बिना रजिस्ट्रेशन संचालित ई-रिक्शा एवं ऑटो के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की रणनीति भी तैयार की गई। अपर नगर आयुक्त सी. पी. पाठक ने कहा कि नगर में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए प्रशासन पूरी गंभीरता के साथ कार्य कर रहा है। बिना पंजीकरण संचालित ई-रिक्शा एवं ऑटो के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम, पुलिस और संबंधित विभागों के समन्वय से ऐसी व्यवस्था बनाई जाएगी जिससे आम नागरिकों और श्रद्धालुओं को जाम की समस्या से राहत मिल सके। नवागत कोतवाली प्रभारी अश्वनी कुमार ने कहा कि यातायात व्यवस्था को बाधित करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। बिना रजिस्ट्रेशन एवं नियमों का उल्लंघन कर संचालित ई-रिक्शा और ऑटो किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। पुलिस प्रशासन कानून के अनुसार कार्रवाई करते हुए नगर में सुचारू यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबंध है। वृंदावन सिविल सोसाइटी के अभय वशिष्ठ, पवन ठाकुर, धनेंद्र अग्रवाल बॉबी, जितेंद्र सिंह राणा, सोहन सिंह सिसोदिया एवं अमित शर्मा ने संयुक्त रूप से कहा कि वृंदावन की पहचान धार्मिक एवं आध्यात्मिक नगरी के रूप में है, लेकिन अनियंत्रित एवं बिना पंजीकरण संचालित ई-रिक्शा और ऑटो के कारण नगर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि बाहरी क्षेत्रों से बिना अनुमति और बिना पंजीकरण आने वाले वाहनों पर तत्काल रोक लगाई जाए तथा केवल वैध और पंजीकृत वाहनों को ही संचालन की अनुमति दी जाए। उन्होंने प्रशासन से नियमित अभियान चलाकर अवैध वाहनों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने तथा जाम मुक्त वृंदावन के लिए स्थायी व्यवस्था लागू करने की मांग की। बैठक में नगर निगम एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के साथ वृंदावन सिविल सोसायटी के पदाधिकारियों ने नगर हित में निरंतर समन्वय बनाकर कार्य

# मंदिर के दानपात्र से

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

थाना सुरीर पुलिस टीम ने मंदिर में चोरी करने वाले अभियुक्त को चोरी की धनराशि व एक तमंचा, एक जिंदा कारतूस के साथ पकडा। थाना सुरीर पुलिस टीम सोमवार को समय 05.55 बजे भदनवारा से करीब 500 मीटर की दूरी पर ट्यूबवेल के पास से अभियुक्त मानवेन्द्र उर्फ बड्डू पुत्र राजेन्द्र निवासी राजागढी थाना सुरीर जनपद मथुरा उम्र करीब 24 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। 12 जुलाई को वादी मुकदमा के प्रार्थना पत्र कि रविवार की सुबह चार बजे मन्दिर खोलकर साफ सफाई करके वापस स्नान करने के लिये आ गया था, तभी सुबह 5 बजे मेरी पत्नी मन्दिर गयी तो दानपात्र की तिजोरी का ताला टूटा हुआ मिला। मेरी पत्नी ने मुझे जानकारी दी तो मैं तुरन्त मन्दिर पहुंचा तो देखा कि दान पात्र का लॉक टूटा हुआ था और चढावे का पैसा किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया है। मन्दिर में लगे सीसीटीवी कैमरे की रिकार्डिंग को देखा गया तो काली टी शर्ट काली हॉफ पेन्ट पीला अंगोछा के साथ एक व्यक्ति आया उसने मन्दिर में घुसकर दान पात्र की तिजोरी को तोडने का प्रयास किया तो तिजोरी नही टूटी फिर वह बाहर गया और कुछ औजार लेकर पुनः आया उससे तिजरी का लॉक तोडकर चढावे के सारे पैसे चोरी कर दिये और वहां से चला गया। कार्यवाही करने वाली टीम में थानाध्यक्ष अरूण कुमार थाना सुरीर, एसआई भूपेन्द्र सिंह, एसआई वीरेश कुमार थाना सुरीर आदि पुलिसकर्मी थे।

# सचिव के खिलाफ डीएम व सीडीओ आफिस पर प्रदर्शन

## - ग्राम पंचायत सचिव के अभद्र व्यवहार पर ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

- डीपीआरओ द्वारा खड़ेरा की समस्याओं के समाधान का अश्वासन

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

बल्देव ब्लाक के अंतर्गत ग्राम पंचायत नरहोली जुन्नारदार के मजरा ग्राम खडेरा के ग्रामीणों का गांव में सफाई व जल निकासी की समस्या का समाधान नहीं होने पर सोमवार को गुस्सा फूट पड़ा। ग्राम पंचायत सचिव अनु चौधरी के कामकाज और कार्यप्रणाली से नाराज दर्जनों की संख्या में ग्रामीण लामबंद होकर कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट और राजीव भवन पहुंचे। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी , मुख्य विकास अधिकारी और जिला पंचायत राज अधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर सचिव के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए जांच कर कार्रवाई की मांग की। सीडीओ के निर्देश पर डीपीआरओ ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि मंगलवार से समस्या का समाधान गांव में देखने को मिल जाएगा। सचिव के अभद्र व्यवहार पर भी कार्रवाई की जाएगी।

ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम पंचायत सचिव अनु चौधरी द्वारा विकास कार्यों में घोर लापरवाही बरती जा रही है। उनके मजरे का विकास नहीं कराया जा रहा है। गांव में बुनियादी सुविधाओं जैसे नाली, खड़ंजा और सफाई व्यवस्था का बुरा हाल है। ग्रामीणों का कहना है कि सचिव स्थानीय लोगों की समस्याओं को सुनने और उनके निस्तारण में कोई रुचि नहीं ले रहे हैं। ग्राम पंचायत स्तर पर होने वाले जरूरी कागजी कामों के लिए ग्रामीणों को लगातार चक्कर काटने पड़ रहे हैं। जनता के साथ बदसलूकी करने वाले सचिव अनु चौधरी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाए।

शिकायत लेकर पहुंचे ग्रामीणों से वार्ता करते हुए जिला पंचायत राज अधिकारी धनंजय जायसवाल ने मामले को बेहद गंभीरता से लिया। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि मंगलवार से आपके गांव में संबंधित अधिकारी पहुंचकर विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे और जो भी कमियां पाई जाएंगी, उन्हें तुरंत दूर कराया जाएगा। कल से ही गांव में सफाई देखने को मिलेगी। इसके साथ ही उन्होंने कड़ा रुख अपनाते हुए ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि जनता के साथ दुर्व्यवहार और अभद्रता करने वाले अनु चौधरी सचिव के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

डीएम व सीडीओ कार्यालय पर प्रदर्शन के दौरान जोगेन्द्र, मुन्शीलाल, पवन कुमार, महेश, शंकर, रवि कुमार, रूपो, रामकिशन, विष्णु कुमार, कृष्णा कुमार, बृजवासी, अमर सिंह, सतीश, पंकज चौधरी, लीलावती, हाकिम सिंह, देवी प्रसाद, यादराम, विनोद शर्मा, बंटी सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# सांसद डिंपल यादव ने रेल मंत्री को पत्र लिखकर की ओवरब्रिज और नई ट्रेनों की मांग

ऋषीकान्त दुबे



**मैनपुरी।** मैनपुरी संसदीय क्षेत्र से लोकसभा सदस्य डिंपल यादव ने रेल मंत्री को एक महत्वपूर्ण पत्र भेजा है, जिसमें उन्होंने क्षेत्र की रेल सेवाओं और बुनियादी ढांचे में सुधार की पुरजोर वकालत की है। उन्होंने अपने पत्र में मैनपुरी और आसपास के जिलों के यात्रियों को रोजाना होने वाली गंभीर असुविधाओं का प्रमुखता से उल्लेख किया है।

?सांसद ने क्षेत्र में लगने वाले भीषण जाम की समस्या से मुक्ति दिलाने के लिए तीन प्रमुख स्थानों पर ओवरब्रिज निर्माण की आवश्यकता जताई है। उन्होंने बताया कि मैनपुरी-करहल स्टेशन के बीच स्थित गेट संख्या २८/सी नॉन-इंटर लॉक्ड होने की वजह से गाड़ियों के आवागमन के समय अक्सर एक घंटे तक बंद रहता है। इसके अलावा, इटावा-मैनपुरी स्टेट हाईवे पर स्थित गेट संख्या ३/बी और शहर के भीतर मैनपुरी स्टेशन यार्ड में स्थित फाटक संख्या ४/बी पर अत्यधिक यातायात दबाव के कारण रोजाना लोग जाम से जूझते हैं। इन सभी स्थानों पर ओवरब्रिज या इंटरलॉक्ड गेट बनने से जनता को बड़ी राहत मिलेगी।

?यात्री सुविधाओं का जिक्र करते हुए डिंपल यादव ने कोसमा स्टेशन पर प्लेटफॉर्म न होने का मुद्दा उठाया, जिसके कारण लोगों को ट्रेनों में चढ़ने और उतरने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने वहाँ दो नए प्लेटफॉर्म बनाने के साथ-साथ मैनपुरी-करहल-इटावा सेक्शन के हॉल्ट स्टेशनों पर रात के समय रोशनी की उचित व्यवस्था करने की मांग की है।

?ट्रेनों के विस्तार के संबंध में उन्होंने कहा कि मैनपुरी-इटावा सेक्शन में वर्तमान में केवल एक मेमू शटल गाड़ी चल रही है, जिसके कारण दिन के समय एक और सवारी गाड़ी चलाना बेहद जरूरी है। इसके साथ ही उन्होंने केवल गर्मियों में चलने वाली साप्ताहिक गाड़ी संख्या ०९१११/०९११२ को नियमित करने और कानपुर से आनंद विहार के बीच चलने वाली साप्ताहिक ट्रेन को प्रतिदिन चलाने की मांग की है ताकि दिल्ली जाने वाले यात्रियों को बेहतर सुविधा मिल सके। सांसद ने रेल मंत्री से इन जनहित के मुद्दों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए जल्द से जल्द आवश्यक निर्देश जारी करने का अनुरोध किया है।

# गड्ढों और कंटीले बबूल के चक्रव्यूह में फंसा कुर्रा-भोगपुर मार्ग, ग्रामीणों का फूटा गुस्सा, बड़े आंदोलन की चेतावनी

टीएनएफ टुडे, कुर्रा/करहल।



क्षेत्र के विकास दावों की पोल खोलता कुर्रा से नगला रामलाल, देवकली, कोडर होते हुए भोगपुर को जोड़ने वाला मुख्य संपर्क मार्ग इस समय राहगीरों के लिए 'सड़क' नहीं बल्कि 'मूर्तिक रूप से मौत का सफर' बन चुका है। पूरी सड़क गहरे, जानलेवा गड्ढों में तब्दील हो चुकी है, जिसे देखकर यह अंदाजा लगाना मुश्किल है कि गड्ढों में सड़क है या सड़क में गड्ढे। स्थिति को और अधिक भयावह बना रही हैं सड़क के दोनों किनारों पर अजगर की तरह पैर पसारे विलायती बबूल (देसी बबूर) की घनी, कंटीली झाड़ियां, जिन्होंने पूरी सड़क को अपने आगोश में ले लिया है। कई बार लिखित और मौखिक शिकायतों के बाद भी कुंभकरणी नींद सोया प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है।

हर पल मंडरा रहा मौत का सायाइस मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों का कहना है कि बबूल की झाड़ियां सड़क के बीचों-बीच तक झुक आई हैं। इस कारण सामने से आने वाला कोई भी छोटा-बड़ा वाहन दिखाई नहीं देता, जिससे हर समय आमने-सामने की भीषण भिड़ंत का खतरा बना रहता है। दुपहिया वाहन चालक और साइकिल सवार आए दिन इन तीखे कांटों की चपेट में आकर लहूलुहान हो रहे हैं। स्कूली बच्चों और प्रसूताओं को इस मार्ग से ले जाना सबसे बड़ा जोखिम बन गया है। हल्की सी बारिश होते ही इन जानलेवा गड्ढों में पानी भर जाता है, जो किसी भी समय बड़ी अनहोनी को दावत दे सकता है।अधिकारियों की बेरुखी से फूटा जनता का आक्रोश स्थानीय ग्रामीणों में शासन-प्रशासन के खिलाफ इस कदर आक्रोश है कि अब उनका धैर्य जवाब दे रहा है। देवकली के प्रधान जनवेद सिंह के नेतृत्व में दर्जनों ग्रामीणों ने सड़क पर उतरकर अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया। ग्रामीणों का आरोप है कि लोक निर्माण विभाग (ढहऊ) और जिले के आला अधिकारियों को अनगिनत बार शिकायती पत्र सौंपे गए, मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी शिकायतें दर्ज कराई गईं, लेकिन हर बार अधिकारियों की घोर लापरवाही और उदासीनता ही हाथ लगी।

इन्होंने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी सड़क की तत्काल विशेष मरम्मत, डामरीकरण और कंटीली झाड़ियों की समूल सफाई की मांग को लेकर प्रधान जनवेद सिंह, मनोज कुमार, सौरभ यादव, चंदन कुमार, रामबीर सिंह, बलबीर सिंह और सिपाई राम सहित क्षेत्र के तमाम संभ्रांत नागरिकों ने हुंकार भरी है। ग्रामीणों ने प्रशासन को दो टूक चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि एक सप्ताह के भीतर इस मुख्य मार्ग का सुधारीकरण कार्य शुरू नहीं किया गया, तो वे सभी मिलकर न केवल चक्का जाम करेंगे, बल्कि तहसील मुख्यालय पर उग्र धरना-प्रदर्शन को बाध्य होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।

# करहल कोतवाली में पौधारोपण अभियान: पर्यावरण संरक्षण के लिए दावत-ए-इस्लामी हिंद ने लिया संकल्प

टीएनएफ टुडे, करहल।



पर्यावरण संरक्षण और क्षेत्र को हरित बनाने की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए शनिवार को कोतवाली परिसर में विशेष पौधारोपण अभियान चलाया गया। यह अभियान 'दावत-ए-इस्लामी हिंद' के सदस्यों द्वारा स्थानीय पुलिस प्रशासन के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य प्रकृति को सहेजने और बढ़ते प्रदूषण को कम करने का संदेश देना था।

अभियान के दौरान कोतवाली परिसर में कई छायादार और फलदार पौधे रोपे गए। केवल पौधे लगाने तक ही सीमित न रहते हुए, उपस्थित सभी लोगों और संगठन के सदस्यों ने इन पौधों की नियमित देखभाल, सिंचाई और उनके पूर्ण संरक्षण का दृढ़ संकल्प भी लिया।

इस अवसर पर आगरा मंडल अध्यक्ष रजा खान अत्तारी ने कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश को अधिक हरा-भरा और प्रदूषण मुक्त बनाना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि इस मुहिम के तहत विभिन्न शहरों, कस्बों, स्कूलों, कॉलेजों, सार्वजनिक स्थलों और सड़कों के किनारे बड़े पैमाने पर पौधारोपण किया जा रहा है। इन पौधों को जीवित रखने के लिए सिंचाई और देखभाल की भी पुख्ता व्यवस्था की जाएगी।

इस गरिमामयी कार्यक्रम के दौरान जिलाअध्यक्ष आरिफ अत्तारी, मुसीर पठान, शमीम के साथ-साथ पुलिस प्रशासन की ओर से प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार पांडेय और अपराध निरीक्षक कैलाश बाबू सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे और पर्यावरण को बचाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।

# सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए सभी विभाग समन्वय से कार्य करें-सम्भागीय आयुक्त

**धौलपुर।** सम्भागीय आयुक्त एवं अध्यक्ष सम्भाग स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति भरतपुर नलिनी कठौतिया की अध्यक्षता में सोमवार को सम्भाग स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सम्भाग के सभी जिलों के संबंधित विभागों के अधिकारियों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिया।

बैठक में सम्भाग के अंतर्गत घटित सड़क दुर्घटनाओं का जिलेवार विश्लेषण करते हुए दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों की समीक्षा की गई। सम्भागीय आयुक्त ने निर्देश दिए कि सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावी कमी लाने के लिए परिवहन, पुलिस, लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग सहित सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें तथा दुर्घटना संभावित (ब्लैक स्पॉट) स्थलों पर आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई समयबद्ध रूप से सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु दर को कम करने के लिए घायलों को गोल्डन ऑवर के दौरान त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। इसके लिए चिकित्सा विभाग, एम्बुलेंस सेवाओं एवं पुलिस के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

बैठक में सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति आमजन में जागरूकता बढ़ाने, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, ओवरस्पीडिंग, नशे की हालत में वाहन चलाने तथा यातायात नियमों के उल्लंघन के विरुद्ध नियमित अभियान चलाने पर भी जोर दिया गया।

# बीडीसी सदस्य ने ग्रामीणों को वितरित किए पौधे, रोपित कराए

टीएनएफ टुडे, शिकोहाबाद।

दिव्यांग जनकल्याण एसोसिएसन के प्रदेश अध्यक्ष व क्षेत्र पंचायत सदस्य विष्णु पाराशर (जिलाध्यक्ष दिव्यांग प्रकोष्ठ, भाजपा) ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा सीएम योगी आदित्यनाथ द्वारा पूरे देश प्रदेश में चलाए जा रहे एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत अपनी पंचायत वासुदेवमई में पौधों का वितरण किया गया।

इसके साथ उन्होंने पौधों लगवाने का भी कार्य किया। इस दौरान विष्णु पाराशर ने लोगों से इस अभियान से जुड़कर एक पौधा लगाने का आव्हान किया है, जिससे हरियाली बढ़ सके। इस मौके पर ऋतिक, विनय, निखलेश, लवखुश, किशन, अंकित आदि का भी सहयोग रहा।

# खड़े ट्रक में घुसी एंबुलेंस , एक की मौत, चालक सहित 3 घायल

टीएनएफ टुडे, शिकोहाबाद।

सैफई मिनी पीजीआई से शव लेकर जसराना जा रही एंबुलेंस सोमवार सुबह नौशहरा के पास हाईवे किनारे ट्रोला में पीछे से घुस गई। टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि चालक सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। थाना जसराना के कटैना हर्षा निवासी दलवीर सिंह की रविवार देर रात सैफई पीजीआई में मौत हो गई थी।

सोमवार सुबह उनके 60 वर्षीय रिश्तेदार मिलाप सिंह निवासी बसंतपुर, मैनपुरी, मृतक की पत्नी सुशीला आदि एंबुलेंस से दलवीर सिंह का शव लेकर गांव जा रहे थे। एंबुलेंस नौशहरा के पास हाईवे किनारे ट्रोला में पीछे से जा घुसी। मिलाप सिंह की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक के अलावा सुशीला और उसका दामाद गंभीर रूप से घायल हो गए । सूचना मिलने पर शिकोहाबाद पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस ने लोगों की मदद से शीशा तोड़कर घायलों को और दोनों शवों को बाहर निकाला। पुलिस ने मिलाप सिंह के शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा गया । वहीं घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है ।

# करहल के अम्बेडकर पार्क के सौंदर्यीकरण को लेकर चेयरमैन चौधरी अब्दुल नईम की नई पहल, बाबा साहब की प्रतिमा को मिला सुरक्षा कवच

टीएनएफ टुडे, करहल।

नगर पंचायत करहल के चेयरमैन चौधरी अब्दुल नईम ने नगर के विकास एवं सार्वजनिक स्थलों के सौंदर्यीकरण की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पहल करते हुए अम्बेडकर पार्क में स्थापित भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा के संरक्षण का कार्य कराया है। प्रतिमा को धूप, बारिश एवं अन्य प्राकृतिक प्रभावों से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से उसके ऊपर विशेष संरचना तैयार कराई गई है। साथ ही प्रतिमा के चारों ओर मजबूत ग्रिल लगवाकर आकर्षक जीना (चबूतरा) बनवाया गया है, जिससे पार्क की सुंदरता भी बढ़ी है और प्रतिमा की सुरक्षा भी सुनिश्चित हुई है।

इस कार्य के पूर्ण होने पर स्थानीय लोगों ने चेयरमैन चौधरी अब्दुल नईम की पहल की जमकर सराहना करते हुए इसे नगर के विकास और महापुरुषों के सम्मान की दिशा में सराहनीय कदम बताया। लोगों का कहना है कि इससे अम्बेडकर पार्क की पहचान और अधिक बेहतर होगी तथा आने वाले लोगों को भी बेहतर वातावरण मिलेगा।

चेयरमैन चौधरी अब्दुल नईम ने कहा कि नगर पंचायत करहल के विकास, सौंदर्यीकरण और जनहित के कार्य उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता हैं। उन्होंने कहा कि करहल को स्वच्छ, सुंदर और विकसित बनाने के लिए वह हर समय तत्पर हैं तथा नगरवासियों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का लगातार प्रयास करेंगे।

इस अवसर पर चेयरमैन का आभार व्यक्त करने वालों में बब्लू जाटव, फूल सिंह कठेरिया, आशू जाटव, मुकेश कुमार, अजीत, शंकरलाल, पूर्व सभासद संजीव कुमार, सभासद राजेश कुमार सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

# कांग्रेस ने हमेशा दलितों, पिछड़ो, शोषितों, पीड़ितों, दबे, कुचले लोगों के लिए समर्पित होकर काम किया है और आगे भी करती रहेगी: जिला अध्यक्ष



**फिरोजाबाद।** विचार कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामनिवास यादव ने नगर पंचायत एका में आयोजित पार्टी के कार्यक्रम में व्यक्त करते हुए कहा कि देश की आजादी की लड़ाई से लेकर आज तक कांग्रेस देश और देशवासियों के लिए समर्पित होकर संघर्ष कर रही है क्योंकि कांग्रेसियों के दिलो में जनता के लुटने पिटने का दर्द है जिससे लोगों को छुटकारा दिलाना चाहती है '

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकारों ने नोटबंदी के नाम पर, जीएसटी के नाम पर, कोरोना के नाम पर लोगों को लूटने का काम किया है और अब भगवान श्रीराम के मंदिर से चंदा और चढ़ावा चोरी करके देश का सम्मान दुनिया में गिराने का काम किया है जिसके लिए देशवासी उसको कभी माफ नहीं करेंगे।

इसके साथ ही वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष राजवीर सिंह यादव , जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र तिवारी, सगीर कुरैशी, जिला महामंत्री शांतिदास शंखवार, जगदीश वाल्मीकि, किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजय यादव , दिनेश यादव, कृष्णकांत यादव ब्लॉकध्यक्ष एका, वीटू यादव ने भी विचार व्यक्त कर लोगो से कांग्रेस से जुड़ने का आवहान किया।

कार्यक्रम में रोहन सिंह वाल्मीकि सहित उनके साथ बड़ी संख्या में बाल्मिक समाज के लोग कांग्रेस में शामिल हुए।

अध्यक्षता मुन्नेश कुमार वाल्मीकि ने की तथा संचालन कांग्रेस नगरध्यक्ष शिकोहाबाद रामसेवक वैद्य ने किया तथा प्रदीप कुमार, सूर्यप्रकाश, विवेक कुमार, सत्येंद्र कुमार, चंद्रेश कुमार, अर्जुन, दीपू कुमार, पुष्पेंद्र कुमार, वीरपाल, दौजी राम, सुमित कुमार, सतीश कुमार, मनोज कुमार, समीर कुमार, राजकुमार, योगेश कुमार, राजपाल, सोहन कुमार, निहालचंद, दिलीप कुमार, मीना देवी, सावित्री देवी, गीता देवी, बबीता देवी, समानश्री, पिंकी देवी, शारदा देवी, सुमन देवी, राम मूर्ति सहित अनेकों लोगों ने भाग लिया। इससे पूर्व जिलाध्यक्ष रामनिवास यादव का पगड़ी पहनाकर स्वाफा और फूल मालाओं से जोशीला स्वागत किया गया।

# हत्याकांड में सजा दिलाने वाले थाना प्रभारी का पूर्व चेयरमैन पति, व्यापारियों द्वारा सम्मान

टीएनएफ टुडे, शिकोहाबाद।

नगर पालिका परिषद की पूर्व पालिकाध्यक्ष मुमताज बेगम के पति व समाजसेवी अब्दुल वाहिद ने अन्य व्यापारियों के साथ थाना परिसर में पहुंचकर आरव कांड में अच्छी पैरवी कर जल्द चार्जशीट दाखिल कर सजा दिलाने को लेकर थाना प्रभारी का स्वागत सम्मान किया। इस अवसर पर उन्होंने सराहना करते हुए कहा कि मासूम डेढ़ वर्षीय बच्चे आरव की हत्या में आरोपी विराज को इतने कम समय में फांसी की सजा मिली है, जिसका श्रेय पुलिस की निष्पक्ष और तेज विवेचना को भी जाता है।

पुलिस ने मामले में गंभीरता दिखाते हुए साक्ष्य समय पर एकत्र किए और मजबूत विवेचना के आधार पर आरोपपत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। इसी का परिणाम रहा कि पीड़ित परिवार को शीघ्र न्याय मिला और समाज में यह संदेश गया कि अपराध करने वालों को कानून के अनुसार कड़ी सजा अवश्य मिलेगी।

सपा के पूर्व जिला महासचिव अब्दुल वाहिद ने थाना प्रभारी अनुज कुमार राणा और उनकी पूरी टीम के कार्यों की प्रशंसा की। साथ ही भविष्य में भी इसी प्रकार निष्पक्ष एवं प्रभावी पुलिसिंग जारी रखने की शुभकामनाएं दीं। थाना प्रभारी अनुज राणा ने सम्मान के लिए सभी का आभार जताते हुए जनता की सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने की उनकी पहली जिम्मेदारी की बात कही ।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार कक्ष में पीस कमेटी की बैठक हुई

टीएनएफ टुडे, फिरोजाबाद।



जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे की गरिमामयी उपस्थिति के साथ नगर आयुक्त प्रशांत नागर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राम बदन राम, नगर मजिस्ट्रेट विनोद कुमार पांडे एवं एसपी सिटी रवि शंकर प्रसाद के साथ जनपद स्तरीय अधिकारियों और सभ्रांत नागरिकों के साथ कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में श्रावण मास के आगामी त्यौहारों, कावड़ यात्रा और चेल्लम के दृष्टिगत इस बैठक का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों और सभ्रांत नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा की कावड़ यात्रा के प्रति लगातार श्रद्धालुओं में उत्साह बढ़ रहा है, ऐसी स्थिति में हमारी जिम्मेदारी बढ़ जाती है कि कांवड़ियों को किसी प्रकार की परेशानी न होने दें। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि त्योहारों में उत्साह के साथ-साथ शालीनता भी हो, तभी त्योहारों की खूबसूरती दोगुनी हो जाती है।

जिलाधिकारी ने समस्त डीजे संचालकों को निर्देशित किया है कि वह अपने डी0जे0 की ऊंचाई गाड़ी के बराबर तक ही सीमित रखें, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना या असुविधा न हो, कावड़ियों के लिए बनाए गए विश्राम स्थलों और भंडारों में भोजन की गुणवत्तापूर्ण और उत्तम व्यवस्था की जाए, जिलाधिकारी ने विशेष रूप से निर्देश दिए हैं कि सभी भंडारे पॉलिथीन मुक्त होने चाहिए, भंडारों और विश्राम स्थलों पर निष्प्रयोज्य चीजों के निस्तारण के लिए डस्टबिन की अवश्य व्यवस्था हो ताकि वहां पर स्वच्छता बनी रहे, सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी ने मंदिर प्रबंधकों को भी सक्रिय भूमिका निभाने को कहा उन्होंने निर्देश दिए कि सावन के सोमवार के दिन सुरक्षा को मजबूत करने के लिए सभी मंदिर प्रबंधन अपने स्तर पर वालंटियर नियुक्त करें, ताकि सभी धार्मिक कार्यक्रम पूर्णतः सुव्यवस्थित, सुरक्षित और शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके, जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण को निर्देशित किया कि कावड़ मार्गों की प्रत्येक दशा में समय रहते मरम्मत सुनिश्चित की जाए, किसी भी मार्ग पर गड्ढे नहीं रहने चाहिए।

सभी नगर पालिका और नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारियों को जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश देते हुए कहा है की कावड़ मार्ग और भंडारों के आसपास प्रकाश की समुचित व्यवस्था और साफ-सफाई की व्यवस्था होनी चाहिए।

इस अवसर पर बोलते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे ने कड़े शब्दों में कहा की कावड़ मार्ग पर किसी भी परिस्थिति में नॉनवेज की दुकानों को संचालित नहीं होने दिया जाएगा, इस नियम का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी, कांवड़ियों की सेवा के लिए लगाए जाने वाले शिविरों को सड़क के किनारे सुव्यवस्थित ढंग से लगाया जाए, जिससे यातायात बाधित न हो, सुरक्षा व्यवस्था को अभेद्य बनाने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने सभी शिविर संचालकों को अपने-अपने शिविरों और आसपास के क्षेत्र में अनिवार्य रूप से सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं, ताकि हर गतिविधि पर नजर रखी जाए सके।

इस अवसर पर समाजसेवी चंद्र प्रकाश जैन, हिंदू धर्म गुरु पंडित हृदेश शर्मा, भानु चंद्र उपाध्याय, शिक्षाविद् मयंक भटनागर कर्बला कमेटी के अध्यक्ष हिकमतुल्लाह खान ने एक स्वर से इन त्योहारों में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने की बात कही, साथ ही प्रशासन का हर स्तर पर मदद करने का भरोसा भी दिलाया है, इस अवसर पर बोलते हुए एसपी सिटी रवि शंकर प्रसाद ने कहा कि हम इन त्योहारों में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत रखने के साथ-साथ यह भी प्रयास करेंगे कि किसी भी श्रद्धालु को किसी भी स्तर पर कठिनाइयों का सामना न करना पड़ें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि0रा0 कल्पना जयसवाल, आदि उपस्थित रहें।

# समाजसेवियों द्वारा मंदिर में म्यूजिक सिस्टम लगवाया

टीएनएफ टुडे, शिकोहाबाद।

नगर के पक्का तालाब स्थित बैंक ऑफ इंडिया के सामने स्थित राधाकृष्ण मंदिर में भजन-कीर्तन की व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से समाजसेवियों द्वारा म्यूजिक सिस्टम लगवाया गया है। इस पहल से श्रद्धालुओं को भजन-कीर्तन का आनंद लेने में सुविधा होगी तथा मंदिर का धार्मिक वातावरण और अधिक भक्तिमय बनेगा। स्थानीय लोगों ने समाजसेवियों के इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा करते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया।

म्यूजिक सिस्टम देने वालों में सनी बाबू, राजू, किताब सिंह, प्रिंस जैन, करण माथुर, रवि यादव, गौरव जैन, महेश यादव, हनी सोनी आदि थे।

# परिश्रम से ही हो सकती है लक्ष्य की प्राप्ति: विनय जैन

## वी के जैन कॉलेज ऑफ एजूकेशन में आयोजन, प्रतिभाएं सम्मानित

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।

शहर के वी के जैन कॉलेज ऑफ एजूकेश में सोमवार को राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय द्वारा प्रतिभा सम्मानकार्यक्रम हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में रजनेश कुमार जिला विद्यालय निरीक्षक एवं विशिष्ट अतिथि विद्यालय प्रबंध समिति के सचिव विनय कुमार जैन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। सर्वप्रथम सरस्वती वंदना कुमारी वर्षा गोला प्रिंसी द्वारा प्रस्तुत की गई स्वागत गीत कुमारी निशु अंजलि मुस्कान द्वारा प्रस्तुत किया मुख्य अतिथियों का बैच एवं पदका पहनाकर सम्मानित किया गया । मुख्य अतिथि द्वारा छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरण किया पदक गोल्ड मेडल रजत मेडल काँसा मेडल वितरित किए गए । प्राचार्य डॉक्टर प्रदीप कुमार गुप्ता ने कहा महाविद्यालय का इतिहास एवं उपलब्धि की व्याख्या प्रस्तुत की मुख्य अतिथि श रजनेश कुमार जिला विद्यालय निरीक्षक ने गोल्ड मेडल श्रुति गोयल पुत्री अतुल कुमार गोपाल को दिया गया सिल्वर मेडल खुशी अग्रवाल पुत्री अमित कुमार अग्रवाल कामयाब पुत्री अजय अग्रवाल हिमांशु अग्रवाल पुत्र अजय कुमार अग्रवाल काकू गर्ग सुधीर कुमार गर्ग सलोनी पुत्र सुनील कुमार को दिया गया। काश पदक संभव माहेश्वरी पुत्र पंकज महेश्वरी बांके बिहारी पुत्र प्रमोद कुमार गुप्ता आशीष गुप्ता पुत्र विजय कुमार को दिया गया।




मुख्य अतिथि रजनेश कुमार ने कहा इन छात्र-छात्राओं के अन्य छात्रों का मनोबल बढ़ाया तथा छात्रों को सफलता के लिए प्रेरित भी किया जो छात्र स्वसन सहयोग तथा परिश्रम करते हैं वही लक्ष्यपूर्ण करते हैं। सचिव श्री विनय कुमार जैन ने कहा सफलता होने को मिलती है जो परिश्रम करते हैं तथा अनुशासन सहित लक्ष्य को हासिल करते हैं। उप सचिव श्री यश जैन जी ने कहा परिश्रम ही सफलता की कुंजी होती है परिश्रम से बड़े-बड़े कार्य पूर्ण होते हैं। डॉ श्री संजय सिन्हा ने कहा सभी के लिए अनुशासन परिश्रम आवश्यक है जो चाहते परिश्रम करेंगे सफलता होने के कदम चूमेगी।



कार्यक्रम सहयोगी राजेंद्र कुमार मिश्रा , डॉक्टर संजय सिंह , गौरव माहेश्वरी,सौरव साहू अंजलि शर्मा अरुणा जोहरी कमल सिंह हेमंत अभिषेक प्रिंसी मुस्कान, अंजलि पूजा ,काजल, अलविदा, राधिका ,वर्षा गोला ,निशु कुमारी ,माला, शिवानी, हिरदेश उपस्थित रहे।

# थानों पर ही किया जाए पीड़ितों की समस्या का निस्तारण: एसपी

- अभिलेख रखें दुरुस्त, सफाई व्यवस्था रहे चाक चौबंद
- एसपी ओ पी सिंह ने थाना ढोलना का निरीक्षण कर दिए निर्देश

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।



पुलिस अधीक्षक ओ पी सिंह ने थाना ढोलना का औचक निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान अभिलेखों, सीसीटीवी कैमरों साफ सफाई एवं व्यवस्थाओं दुरुस्त रखने के निर्देश संबंधितों को दिए। थाना अध्यक्ष से फरियादियों की समस्याओं का निराकरण वरीयता से करने को कहा।

पुलिस अधीक्षक ओ०पी० सिंह ने रविवार देर शाम थाना ढोलना का आकस्मिक निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान आगंतुक रजिस्टर का अवलोकन कर अन्य अभिलेखों की स्थिति का परीक्षण किया गया । एसपी ने थाना कार्यालय में मालखाना रजिस्टर, अपराध रजिस्टर, एचएस रजिस्टर, आईजीआरएस रजिस्टर, भूमि विवाद रजिस्टर सहित अन्य अभिलेखों का गहन परीक्षण करते हुए उनमें पाई गई कमियों के त्वरित निराकरण एवं समस्त अभिलेखों को अद्यावधिक रखते हुए सुव्यवस्थित रख-रखाव सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया ।

इसके उपरांत थाना परिसर मेलगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई । साथ ही बैरक, बंदीगृह, भोजनालय, पेयजल व्यवस्था एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया गया तथा थाना परिसर की साफ-सफाई सुदृढ़ बनाए रखने एवं समुचित रख-रखाव सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया । इसके अतिरिक्त मालखाना में लंबित माल के शीघ्र निस्तारण हेतु भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारियों को अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा एवं जनसमस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया तथा आमजन से संवाद बढ़ाने, शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण एवं पुलिस की सकारात्मक छवि को और सुदृढ़ करने पर बल दिया गया । इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक थाना ढोलना जगदीश चन्द्र व अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# गंगा उफान पर, जलस्तर बढ़ने से तटवर्ती इलाकों में दहशत

- चेतावनी स्तर से मात्र चार सेंटीमीटर नीचे है जल स्तर
- बैराजों से पानी का डिस्चार्ज बना रहा गंगा पर दबाव

संजय धूपड



**टीएनएफ टुडे, कासगंज।** पहाड़ों पर हो रही भारी बारिश और बैराजों से हो रहा पानी का डिस्चार्ज गंगा पर दबाव बनाता ही जा रहा है। सोमवार को कछला स्थित गंगा नदी पर पानी का जल स्तर बढ़कर161.17सेंटीमीटर तक जा पहुंचा, गंगा वार्निंग लेवल से मात्र चार सेंटीमीटर की दूरी पर बह रही है। तटवर्तीय ग्रामों पर बाढ़ का खतरा बढ़ता ही जा रहा है। जिला प्रशासन और सिंचाई विभाग गंगा के बढ़ते जल स्तर पर निगरानी किया हुए है।

पतित पावनी मां गंगा इन दिनों रौद्र रूप लिए हुए हैं। गंगा के तटवर्तीय दर्जनों गाँव गंगा के कोप के भाजन बनते हैं। पहाड़ों पर हो रही भारी बारिश और बैराजों से हो रहा पानी का डिस्चार्ज का प्रभाव जिले की सीमा से लगी गंगा नदी पर भी पड़ता है बीते कई दिनों से गंगा के जल स्तर में निरंतर वृद्धि हो रही है।

गंगा के बढ़ते जल स्तर से पटियाली, सहावर एवं सोरों के दर्जनों गांव बाढ़ की चपेट में आते रहे हैं। वर्ष 2010में हो बाढ़ ने तट वर्तीय ग्रामों में कहर बरपाया था। कई गांव गंगा की कोख में समा गए थे। गंगा के बढ़ते जल स्तर ने तट वर्तीय ग्रामों के ग्रामीणों की चिंताएं बढ़ गईं हैं। जिला अधिकारी ने सिंचाई विभाग और तहसील प्रशासन को गंगा के बढ़ते जल स्तर पर निगरानी करने के निर्देश दिए हैं। सोमवार को कछला स्थित गंगा नदी पर गंगा का जल स्तर बढ़कर 161.74सेंटीमीटर तक जा पहुंचा है जो वार्निंग लेवल से मात्र चार सेंटी मीटर की दूरी पर है।

### कच्चे बांध किए जा रहे मजबूत।

किसी भी विषम परिस्थिति से निपट ने के लिए जिला प्रशासन और और सिंचाई विभाग ने तैयारियां की है। संवेदनशील स्थानों पर बने कच्चे बांधों को और अधिक मजबूत किए जाने का काम सिंचाई विभाग द्वारा किया जा रहा है। गंजडुंडवारा के गांव निविया के समीप बने कच्चे बांध को भी मजबूत करने का काम सिंचाई विभाग द्वारा किया गया।

### बैराजों से पानी का डिस्चार्ज

हरिद्वार बैराज : 44148क्यूसेक
बिजनौर बैराजः 60890क्यूसेक
नौरारा बैराजः, 76029क्यूसेक
कछला ब्रिज पर जलस्तरः161.65

# दिव्यांग विद्यार्थी ई-ट्राइसाइकिल योजना में ऑनलाइन करें आवेदन

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।

जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, ने जनपद के 16 वर्ष या उससे अधिक आयु के अध्ययनरत दिव्यांग छात्र-छात्राओं से वित्तीय वर्ष 2026-27 की ई-ट्राइसाइकिल योजना का लाभ लेने हेतु आवेदन करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत पात्र विद्यार्थियों को अधिकतम 65,000 तक की ई-ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे विद्यालय, कॉलेज, पुस्तकालय एवं अन्य स्थानों तक सुगम आवागमन सुनिश्चित हो सके।

आवेदन प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन होगी। इच्छुक छात्र-छात्राएं अध्ययनरत होने का प्रमाणपत्र सहित आवश्यक अभिलेख तैयार रखें। अधिक जानकारी के लिए जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी कार्यालय, विकास भवन, कक्ष संख्या-13, कासगंज से संपर्क कर सकते हैं।

# सीएमओ के औचक निरीक्षण में मिली लापरवाही

- एचवी समेत दो कर्मचारी अनुपस्थित
- कम प्रसव पर भी जताई नाराजगी
- न्यू पीएचसी में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का किया निरीक्षण
- चार दिन का वेतन काटने के निर्देश, संस्थागत प्रसव नहीं बढ़ने पर कार्रवाई की चेतावनी

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, अलीगंज।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) एटा डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने रविवार को राजा का रामपुर स्थित न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (न्यू पीएचसी) में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्थाओं, मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं, दवाओं की उपलब्धता, साफ-सफाई, ओपीडी व्यवस्था एवं संस्थागत प्रसव की स्थिति का गहनता से जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान एक हेल्थ विजिटर (एचवी) और एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी बिना किसी सूचना के अनुपस्थित पाए गए। ड्यूटी से गैरहाजिर रहने को गंभीर लापरवाही मानते हुए सीएमओ ने दोनों कर्मचारियों के चार दिन का वेतन काटने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

सीएमओ ने निरीक्षण के दौरान ओपीडी कक्ष, दवा वितरण कक्ष, टीकाकरण कक्ष, प्रसव कक्ष और विभिन्न अभिलेखों की जांच की। उन्होंने मरीजों से बातचीत कर उन्हें मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली और आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही स्वास्थ्य केंद्र परिसर में साफ-सफाई बनाए रखने और मरीजों के साथ संवेदनशील व्यवहार करने की हिदायत दी।

### संस्थागत प्रसव की कम संख्या पर जताई नाराजगी

निरीक्षण के दौरान डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने स्वास्थ्य केंद्र पर संस्थागत प्रसव की समीक्षा की। समीक्षा में पाया गया कि राजा का रामपुर न्यू पीएचसी पर अपेक्षाकृत बहुत कम प्रसव हो रहे हैं। इस पर उन्होंने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए चिकित्सा अधिकारियों और स्वास्थ्य कर्मियों को संस्थागत प्रसव बढ़ाने के लिए प्रभावी प्रयास करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि आशा, एएनएम और अन्य स्वास्थ्य कर्मी क्षेत्र में गर्भवती महिलाओं को सरकारी अस्पतालों में सुरक्षित प्रसव कराने के लिए जागरूक करें और उन्हें स्वास्थ्य केंद्र तक लाने के लिए विशेष अभियान चलाएं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि संस्थागत प्रसव की संख्या में सुधार नहीं हुआ तो संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

### मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

सीएमओ ने मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में आने वाले मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने, समय पर जांच, दवा वितरण और स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को उनके घर के नजदीक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का महत्वपूर्ण माध्यम है, इसलिए इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

सीएमओ के औचक निरीक्षण, कर्मचारियों के वेतन कटौती के निर्देश और संस्थागत प्रसव को लेकर दी गई सख्त चेतावनी के बाद स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों में पूरे दिन हड़कंप की स्थिति बनी रही।

# विश्व युवा कौशल दिवस पर रोजगार मेला आज

**टीएनएफ ब्यूरो, कासगंज।** विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर जनपद के बेरोजगार युवक एवं युवतियों के लिए 14 जुलाई 2026 को प्रातः 10:00 बजे राजकीय आईटीआई, मोहनपुर में वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेले में हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक, आईटीआई, उत्तीर्ण तथा कौशल विकास प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। मेले में सर्विस सेक्टर, मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर एवं जनपद की विभिन्न औद्योगिक प्रतिष्ठानों की प्रतिष्ठित कंपनियां प्रतिभाग करेंगी, जो योग्य अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लेकर चयन करेंगी।

# 20 जुलाई तक करें हज के लिए ऑनलाइन आवेदन

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।

जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने बताया कि हज कमेटी ऑफ इंडिया द्वारा हज-2027 के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इच्छुक आवेदक 20 जुलाई 2026 तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदन हेतु पासपोर्ट की वैधता 31 दिसंबर 2027 तक होना अनिवार्य है।

आवेदन के समय पासपोर्ट, फोटो, निवास प्रमाण पत्र एवं बैंक खाते से संबंधित दस्तावेज अपलोड करने होंगे। अधिकतम पाँच व्यक्ति एक साथ आवेदन कर सकते हैं। विस्तृत दिशा-निर्देश एवं आवेदन की जानकारी हज कमेटी ऑफ इंडिया की वेबसाइट पर उपलब्ध है। जिला प्रशासन ने पात्र आवेदकों से समय से आवेदन करने की अपील की है।

# जेंडर कम्युनिटी रिसोर्स पर्सन के चयन हेतु आवेदन आमंत्रित

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।

उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत महिला शक्ति केंद्र जेंडर कम्युनिटी रिसोर्स पर्सन के चयन हेतु विकास खंड सोरों में आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक एवं पात्र महिला अभ्यर्थी 10 जुलाई 2026 से 23 जुलाई 2026 तक अपने आवेदन संबंधित विकास खंड कार्यालय में जमा कर सकती हैं। जेंडर सीआरपी के चयन हेतु अभ्यर्थी का कम से कम दसवीं कक्षा उत्तीर्ण एवं पढ़ने-लिखने में दक्ष होना आवश्यक है।

अभ्यर्थी की आयु 18 से 55 वर्ष के बीच होनी चाहिए। साथ ही सामाजिक निर्माण, वित्तीय समावेशन, आजीविका एवं अन्य संबंधित विषयों का ज्ञान होना अपेक्षित है। अभ्यर्थी उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित स्वयं सहायता समूह, ग्राम संगठन अथवा संकुल स्तरीय संघ की सदस्य होनी चाहिए।

चयनित जेंडर सीआरपी को कार्य के अनुसार मानदेय प्रदान किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक अभ्यर्थी विकास खंड सोरों के ब्लॉक मिशन प्रबंधक कार्यालय से संपर्क कर सकती हैं।

# मनोज गुप्ता रामा बने जिला संगठन मंत्री

## संगठन शोषित पीड़ित के लिए हमेशा है समर्पित- राजेश गुप्ता

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, एटा।

अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद एटा जिले की कार्यकारिणी में वैश्य समाज के लिए सदैव तत्पर रहने वाले समाजसेवी मनोज गुप्ता रामा को सोमवार आज संगठन के शिविर कार्यालय निधौली रोड पर जिलाध्यक्ष राजेश गुप्ता ने अपने सहयोगियों के साथ पटका एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर मनोनयन पत्र सौंप कर जिला संगठन मंत्री पद पर मनोनीत किया है। उन्होंने संगठन को मजबूत करने तथा वैश्य समाज के पीड़ित उपेक्षित एवं शोषित व्यक्तियों की मदद करने की अपेक्षा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर संगठन के जिला संगठन मंत्री क्रमशः आनंद गुप्ता, प्रमोद गुप्ता पम्मू , विशाल गोयल रामेश्वरम , जिला मीडिया प्रभारी हेमेंद्र गुप्ता आदि ने नव मनोनीत जिला संगठन मंत्री मनोज गुप्ता रामा को बधाई एवं शुभकामनाएं भेंट कीं।

नव मनोनीत जिला संगठन मंत्री मनोज गुप्ता रामा ने भी संगठन को मजबूती प्रदान करने के साथ साथ समाज की पहले से अधिक सेवा करने का बचन दिया। इस दौरान

हर्ष व्यक्त करने वालों में वीरेंद्र अग्रवाल टिल्लू जिलाध्यक्ष सलाहकार समिति, अनुज जैन उपाध्यक्ष , जितेंद्र माहेश्वरी कोषाध्यक्ष , गणेश वार्ष्णेय प्रमुख सलाहकार , अवधेश गुप्ता एडवोकेट उपाध्यक्ष , जितेंद्र गुप्ता उद्धर , सूचना प्रभारी क्रमशः गौरव गुप्ता प्रशांत गुप्ता गांधी , चेतन गुप्ता सुनील गुप्ता मेडिकल अर्जुन देव गुप्ता अजय गुप्ता आदि मौजूद थे।

# विश्व युवा कौशल दिवस पर 14 जुलाई को टाटा टेक्नोलॉजी प्रशिक्षण केन्द्र, एटा में होगा जनपद स्तरीय रोजगार मेला

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, एटा।

मिशन निदेशक, उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, लखनऊ के निदेर्शानुसार विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर दिनांक 14 जुलाई 2026 को प्रातः 10:00 बजे से टाटा टेक्नोलॉजी प्रशिक्षण केन्द्र, राजकीय आईटीआई परिसर, कासगंज रोड, एटा में जनपद स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेले में जनपद एवं जनपद के बाहर की 10 से अधिक प्रतिष्ठित नियुक्ता कंपनियां प्रतिभाग करेंगी, जिनके माध्यम से 400 से अधिक रिक्त पदों पर योग्य अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा।

चयनित अभ्यर्थियों को कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा नियुक्ति पत्र भी वितरित किए जाएंगे। जिला समन्वयक, उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन डॉ. मोहम्मद आसिफ ने बताया कि रोजगार मेले में दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, उत्तर प्रदेश कौशल विकास योजना तथा राजकीय एवं निजी आईटीआई से प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थियों के साथ-साथ 10वीं एवं 12वीं उत्तीर्ण, डिप्लोमा धारक तथा प्रदेश सरकार द्वारा चिन्हित जीरो पॉवर्टी परिवारों के सदस्य, दिव्यांगजन एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) से जुड़े स्वयं सहायता समूहों के परिवारों के सदस्य भी प्रतिभाग कर रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक प्रमाणपत्रों की मूल एवं छायाप्रति, आधार कार्ड, बायोडाटा तथा पासपोर्ट आकार के फोटो के साथ निर्धारित समय पर रोजगार मेले में उपस्थित होकर विभिन्न कंपनियों में रोजगार पाने का अवसर प्राप्त करें।

जिला समन्वयक ने जनपद के सभी पात्र एवं इच्छुक बेरोजगार युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में रोजगार मेले में प्रतिभाग करने की अपील की है, ताकि वे अपनी योग्यता एवं कौशल के अनुरूप रोजगार प्राप्त कर आत्मनिर्भर बन सकें।

### मौत को दावत देता हाईटेंशन पोल, तारों के सहारे टिका टूटा खंभा, कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

**जलेसर (एटा)।** आईटीआई विद्युत उपकेंद्र क्षेत्र के गांव नगला धनीराम में बिजली विभाग की घोर लापरवाही ग्रामीणों की जान पर भारी पड़ रही है। गांव में ललित गंगा सिंह के घर के समीप लगा हाईटेंशन विद्युत पोल आधार से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है, लेकिन वह केवल बिजली के तारों के सहारे खड़ा है। बरसात और तेज हवा के दौरान पोल के कभी भी गिरने की आशंका बनी हुई है, जिससे आसपास के परिवारों में दहशत का माहौल है।

ग्रामीणों का कहना है कि इस गंभीर समस्या की सूचना कई बार बिजली विभाग को दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते पोल नहीं बदला गया तो बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों ने प्रशासन और बिजली विभाग से तत्काल क्षतिग्रस्त पोल बदलने, आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था करने तथा जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है, ताकि किसी संभावित जनहानि से बचा जा सके।

# स्वास्थ्य परिक्षण कर चिकित्सकों ने दिया परामर्श

## रोटरी क्लब कासगंज सिटी ने आयोजित किया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।

शहर के नावल्टी टॉकीज रोड स्थित नान्नूमल अग्रवाल रोटरी आई केयर सेंटर पर सोमवार की रोटरी क्लब कासगंज सिटी द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में पहुंचे लोगों का पुष्पांजलि हॉस्पिटल आगरा के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने स्वास्थ्य परीक्षण कर, स्वास्थ्य संबंधी सलाह दी। शिविर में निशुल्क जांचें भी की गईं।




शिविर का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। सुबह से ही शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से लोगों के पहुंचने का क्रम शुरू होगा रोगियों ने परीक्षण के लिए पहले से ही अपने पंजीकरण करा लिए थे। शिविर में पहुंचे लोगों का डॉक्टर विशाल गुप्ता, डॉक्टर पीयूष तगेजा, डॉक्टर पूर्णिमा सिंह, डॉक्टर रजत मंगल की टीम ने स्वास्थ्य परीक्षण किया एवं रोगियों को स्वास्थ्य संबंधी सलाह दी। शिविर में बल्ड प्रेशर, ईसीजी, शुगर, फेफड़ों एवं नेत्र की निशुल्क जांच की गई। क्लब के अध्यक्ष वैभव बिड़ला ने बताया कि शिविर में आए लोगों का परीक्षण कर उनका निशुल्क चेकअप भी किया गया। उन्होंने बताया कि आगरा से आए सभी चिकित्सकों का सम्मान किया गया।

इन्होंने शिविर के सफल आयोजन की लिए सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया है। शिविर में संजीव पलटानी, गोपाल माहेश्वरी, अनूप गुप्ता, विजय अग्रवाल, सचिन, बिड़ला, आशीष अग्रवाल, संभव जैन, दीपक लाहोटी सहित क्लब के सभी सदस्य एवं नगर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

TNF TODAY
टीएनएफ टुडे
थॉट्स न्यूज फैक्ट्स टुडे
tnftoday tnftoday
www.tnftoday.com / epaper
आगरा, मंगलवार
14 जुलाई 2026


# ...क्या 2027 वनडे विश्व कप में भी दिखेंगे रोहित और विराट?

एजेंसी, बर्मिंघम।



भारतीय वनडे टीम के कप्तान शुभमन गिल ने साफ कहा है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा अभी भी भारतीय वनडे टीम के बेहद अहम खिलाड़ी हैं। गिल के मुताबिक, दोनों दिग्गज बल्लेबाजों का अनुभव और कौशल टीम के लिए अमूल्य है और बड़े मुकाबलों में उनकी मौजूदगी टीम को मजबूती देती है। इंग्लैंड के खिलाफ मंगलवार से शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज से पहले आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में गिल ने कहा कि पिछले एक दशक से विराट और रोहित भारतीय बल्लेबाजी की रीढ़ रहे हैं और टीम में उनकी भूमिका आज भी उतनी ही महत्वपूर्ण है।

## दबाव के समय अनुभव आता है काम

गिल ने कहा कि अनुभवी खिलाड़ियों की मौजूदगी से टीम को मुश्किल परिस्थितियों में संयम बनाए रखने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा, 'विराट भाई और रोहित भाई पिछले 10 वर्षों से भारतीय बल्लेबाजी की रीढ़ रहे हैं। उन्होंने अलग-अलग परिस्थितियों, टूर्नामेंटों और बड़े मुकाबलों में लगातार शानदार प्रदर्शन किया है। उनका अनुभव और कौशल टीम के लिए बेहद मूल्यवान है।' उन्होंने आगे कहा कि जब टीम पर दबाव होता है तो अनुभवी खिलाड़ी शांत रहते हैं, क्योंकि वे ऐसी परिस्थितियों का कई बार सामना कर चुके होते हैं।

## 2027 विश्व कप को लेकर विराट से हुई चर्चा

शुभमन गिल ने बताया कि उन्होंने नेट्स में विराट कोहली के साथ 2027 वनडे विश्व कप को ध्यान में रखते हुए टीम संयोजन पर भी चर्चा की। गिल ने कहा कि बातचीत में इस बात पर विचार किया गया कि दक्षिण अफ्रीका की परिस्थितियों के हिसाब से कौन-सा संयोजन सबसे बेहतर रहेगा और ऐसे कौन-से खिलाड़ी हैं जो अभी टीम का हिस्सा नहीं हैं, लेकिन भविष्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि चर्चा में तेज गेंदबाजों, ऑलराउंडरों और स्पिनरों के विकल्पों पर भी विस्तार से बात हुई।

### बुमराह की वापसी से मजबूत होगी गेंदबाजी

गिल ने तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की वापसी पर खुशी जताते हुए कहा कि आईपीएल 2026 के बाद वर्कलोड मैनेजमेंट के कारण आराम करने वाले बुमराह अब पूरी तैयारी के साथ लौट रहे हैं। उन्होंने कहा, 'उम्मीद है कि बुमराह ने इस वनडे सीरीज से पहले पर्याप्त गेंदबाजी की होगी। हमें भरोसा है कि उनका प्रदर्शन अच्छा रहेगा और हम इस सीरीज को जीतकर सकारात्मक अंदाज में आगे बढ़ेंगे।'

### इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज पर नजर

भारत और इंग्लैंड के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का पहला मुकाबला मंगलवार को बर्मिंघम में खेला जाएगा। इससे पहले टी20 सीरीज में भारतीय टीम का प्रदर्शन निराशाजनक रहा था, ऐसे में वनडे सीरीज में टीम शानदार वापसी करने के इरादे से उतरेगी।

# भारतीय टीम ने लॉर्ड्स में रचा इतिहास

## इंग्लैंड को 270 रन से हराकर दर्ज की यादगार टेस्ट जीत

एजेंसी, लंदन।

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने क्रिकेट के 'होम ऑफ क्रिकेट' लॉर्ड्स में इतिहास रचते हुए इंग्लैंड को 270 रन से हराकर पहला महिला टेस्ट अपने नाम कर लिया। यह लॉर्ड्स के 142 साल के टेस्ट इतिहास में पहला मौका था, जब इस प्रतिष्ठित मैदान पर महिला टेस्ट मैच खेला गया और भारत ने इस ऐतिहासिक मुकाबले को शानदार अंदाज में जीतकर यादगार बना दिया। भारत ने चौथे दिन सुबह इंग्लैंड की दूसरी पारी 186 रन पर समेटते हुए मुकाबला अपने नाम किया। इंग्लैंड को जीत के लिए 457 रन का विशाल लक्ष्य मिला था, लेकिन मेजबान टीम भारतीय गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सकी। भारत को अंतिम दिन जीत के लिए केवल चार विकेट की जरूरत थी, जिसे उसने पहले ही सत्र में हासिल कर लिया।

### सचिन तेंदुलकर ने बढ़ाया टीम का उत्साह

ऐतिहासिक जीत से पहले चौथे दिन सुबह भारतीय टीम को एक खास सरप्राइज मिला। महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर बिना किसी पूर्व सूचना के भारतीय ड्रेसिंग रूम पहुंचे और कप्तान हरमनप्रीत कौर सहित पूरी टीम और सपोर्ट स्टाफ से मुलाकात कर उनका हौसला बढ़ाया। इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज निक नाइट ने प्रसारण के दौरान कहा कि भारतीय खिलाड़ियों के लिए इससे बड़ा प्रेरणादायक क्षण शायद ही कोई हो सकता था। उन्होंने कहा कि सचिन का इस तरह अचानक



टीम के बीच पहुंचना खिलाड़ियों के आत्मविश्वास को और मजबूत करने वाला पल था। मैच समाप्त होने के बाद सचिन तेंदुलकर ने खिलाड़ियों से मुलाकात की और उन्हें ऐतिहासिक जीत की बधाई दी। आईसीसी चेयरमैन जय शाह भी लॉर्ड्स में मौजूद रहे और उन्होंने भी भारतीय टीम की इस उपलब्धि का साक्षी बने।

### ऐसे मिली भारत को ऐतिहासिक जीत

भारत ने पहली पारी में 285 रन बनाए। जवाब में इंग्लैंड की पहली पारी केवल 170 रन पर सिमट गई, जिससे भारत को 115 रन की महत्वपूर्ण बढ़त मिली। इसके बाद भारतीय टीम ने दूसरी पारी 147/7 के स्कोर पर घोषित कर इंग्लैंड के सामने 457 रन का लक्ष्य रखा। तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक इंग्लैंड का स्कोर 130/6 था और चौथे दिन भारतीय गेंदबाजों ने जल्द ही बाकी चार विकेट भी हासिल कर लिए।

### गेंदबाजों ने किया कमाल


भारत की जीत में तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ ने अहम भूमिका निभाई। उन्होंने पहली पारी में पांच विकेट लेकर लॉर्ड्स के ऑनर्स बोर्ड में अपना नाम दर्ज कराया। दूसरी पारी में स्नेह राणा और दीप्ति शर्मा ने शानदार गेंदबाजी करते हुए इंग्लैंड की वापसी की सभी उम्मीदें खत्म कर दीं। इंग्लैंड की ओर से सोफी एक्लेस्टोन ने संघर्षपूर्ण अर्धशतक लगाया, जबकि एमी जोन्स ने भी 54 रन बनाए, लेकिन दोनों की पारियां टीम को हार

### यास्तिका भाटिया ने रचा इतिहास


भारतीय बल्लेबाजी की सबसे बड़ी स्टार यास्तिका भाटिया रहीं, जिन्होंने दूसरी पारी में 113 रन की शानदार शतकीय पारी खेली। उन्होंने 14 चौकों की मदद से यह उपलब्धि हासिल की और लॉर्ड्स में टेस्ट शतक लगाने वाली पहली महिला क्रिकेटर बनने का गौरव भी प्राप्त किया।

### इंग्लैंड पर भारत की बढ़ी बादशाहत

इस जीत के साथ महिला टेस्ट क्रिकेट में इंग्लैंड पर भारत की मजबूत पकड़ और मजबूत हो गई। दोनों टीमों के बीच अब तक खेले गए 16 टेस्ट मैचों में भारत ने चार मुकाबले जीते हैं, जबकि इंग्लैंड को केवल एक जीत मिली है। बाकी 11 मुकाबले ड्रॉ रहे हैं। खास बात यह है कि भारत को इंग्लैंड के खिलाफ अपनी इकलौती टेस्ट हार 1995 में मिली थी। लॉर्ड्स में दर्ज यह जीत भारतीय महिला क्रिकेट के इतिहास की सबसे यादगार उपलब्धियों में शामिल हो गई है। शानदार बल्लेबाजी, अनुशासित गेंदबाजी और महान खिलाड़ियों से मिले प्रेरणादायक समर्थन के दम पर भारत ने क्रिकेट के सबसे प्रतिष्ठित मैदान पर इतिहास अपने नाम कर लिया।



# मनोरंजन



# नाइला ग्रेवाल को कैसे मिली एटली की फिल्म 'राका'?

फिल्ममेकर एटली एक नई फिल्म 'राका' लेकर आ रहे हैं। इस पर काम जारी है। इसमें अल्लू अर्जुन लीड रोल में होंगे। बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण भी इसमें अहम किरदार में होंगी। इस फिल्म से बॉलीवुड अभिनेत्री नाइला ग्रेवाल भी जुड़ी हैं। अभिनेत्री ने एटली के साथ काम करने के अपने अनुभव को बताया है।

### नाइला ने की एटली की तारीफ

नाइला ग्रेवाल कहती हैं 'वे एक ऐसे व्यक्ति हैं जो बहुत बड़े पैमाने, ऊंचे मुकाम और अलग तरह की कहानी कहने के अंदाज पर काम करते हैं। इतनी बड़ी फिल्म को हकीकत का रूप देने के लिए जितनी लगन और मेहनत की जरूरत होती है वो वही कर सकते हैं।'

### साउथ में डेब्यू कर रहीं नैना

नाइला ग्रेवाल बॉलीवुड में अपने 11 साल के करियर के बाद, 'राका' से साउथ में डेब्यू कर रही हैं। यह प्रोजेक्ट एटली और अल्लू अर्जुन के बीच पहला सहयोग भी है। ग्रेवाल बताती हैं कि यह मौका तब मिला जब उन्होंने अपनी पहली मुलाकात में एटली के साथ काम करने की इच्छा जाहिर की।

### एटली ने बातचीत को बढ़ाया


उन्होंने कहा 'उन्होंने उस बातचीत को आगे बढ़ाया। उन्होंने किसी ऐसे व्यक्ति के साथ काम करने पर विचार किया, जिसने अब तक सिर्फ हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में काम किया हो।'

### नाइला ग्रेवाल का वर्कफ्रंट

2015 में इम्तियाज अली की फिल्म 'तमाशा' से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली यह एक्ट्रेस हाल ही में 'मामला लीगल है' के सीजन 2 में वकील के किरदार में नजर आई थीं। इसमें उनके साथ रवि किशन, निधि बिष्ट, अनंत जोशी और अंजुम बत्रा भी थे।



# रश्मिका मंदाना ने 'रणबाली' को लेकर दी अपडेट



रश्मिका मंदाना इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'कॉकटेल 2' की सफलता का आनंद ले रही हैं। इस बीच फैंस को एक्ट्रेस की अगली फिल्म 'रणबाली'का बेसब्री से इंतजार है। इस फिल्म में रश्मिका अपने पति व अभिनेता विजय देवरकोंडा के साथ नजर आएंगी। हाल ही में रश्मिका मंदाना ने एक फिल्म से जुड़ी एक क्रिप्टिक पोस्ट से विजय देवरकोंडा के 'रणबाली' अवतार को लेकर नई उत्सुकता जगा दी है। बहुत कम जानकारी देते हुए एक्ट्रेस ने बताया कि टीम जो बना रही है, वह बेहद डरावना है। इससे विजय के ट्रांसफॉर्मेशन और फिल्म को लेकर चर्चा और बढ़ गई है।

### मैं खुद को रोक नहीं पाई

रश्मिका ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर 'रणबाली' के सेट से विजय देवरकोंडा की एक धुंधली तस्वीर शेयर की। हालांकि, तस्वीर से बहुत कम जानकारी मिली, लेकिन उनके कैप्शन ने सबका ध्यान खींचा। उन्होंने विजय देवरकोंडा और डायरेक्टर राहुल सांकृत्यायन को टैग करते हुए लिखा, ''मुझे नहीं पता कि मैं अभी आप लोगों को यह दिखा सकती हूं या नहीं।

उम्मीद है कि वे मुझे इसे हटाने के लिए नहीं कहेंगे, जैसा कि पहले कई बार हुआ है। लेकिन ये लड़के कुछ बहुत डरावना कर रहे हैं और मैं खुद को रोक नहीं पाई। मैं इसे बड़े पर्दे पर देखने का बेसब्री से इंतजार कर रही हूं!''

### विजय ने दिया रश्मिका की स्टोरी का जवाब

रश्मिका की इस स्टोरी पर पति व फिल्म के एक्टर विजय देवरकोंडा ने तुरंत ही जवाब दिया। रश्मिका की स्टोरी को री-शेयर करते हुए विजय ने प्यार से उन्हें क्यूट कहा और मजाक-मजाक में उनकी बात से असहमति जताई। विजय ने लिखा, 'डरावना नहीं दिव्य।' जिससे यह संकेत मिला कि दर्शकों को डरावनी चीज के बजाय कुछ बहुत ज्यादा पौराणिक देखने को मिल सकता है। इस बातचीत ने विजय के किरदार को लेकर चर्चाओं को और हवा दी है। जब से 'रणबाली' की घोषणा हुई है, तब से उसके बदलाव को लेकर सबसे ज्यादा बातें हो रही हैं। इस लेटेस्ट पोस्ट के बाद यह अटकलें लगाई जा रही हैं कि क्या यह तस्वीर फिल्म के काफी चर्चित क्लाइमेक्स की है या किसी और अहम सीन की।

### क्लाइमेक्स शूट करने में लगे 16 दिन

इससे पहले निर्देशक राहुल सांकृत्यायन ने बताया था कि विजय और हॉलीवुड एक्टर अर्नोल्ड वोस्लू के बीच क्लाइमेक्स वाले आमने-सामने के सीन को शूट करने में 16 दिन लगे थे। इसे फिल्म का हाइलाइट बताते हुए उन्होंने कहा कि इस सीन में जितना एक्शन है, उतना ही ड्रामा भी है। ब्रिटिश शासन के दौरान 1854 और 1878 के बीच की कहानी पर आधारित 'रणबाली' एक निडर स्वतंत्रता सेनानी के सफर को दिखाती है। विजय देवरकोंडा मुख्य भूमिका में हैं, जबकि रश्मिका मंदाना जयम्मा का किरदार निभा रही हैं और हॉलीवुड एक्टर अर्नोल्ड वोस्लू विलेन सर थियोडोर हेक्टर की भूमिका में हैं।

# सोनाक्षी सिन्हा ने जमकर लगाई पैपराजी को फटकार

रविवार को सोनाक्षी मुंबई में नवविवाहित आकांक्षा रंजन और डायरेक्टर शरण शर्मा की वेडिंग रिसेप्शन में शामिल होने पहुंची थीं। इस दौरान उनके कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं, लेकिन एक खास वीडियो ने सबका ध्यान खींच लिया।

वीडियो में देखा जा सकता है कि जब सोनाक्षी रिसेप्शन से निकलकर अपनी कार में बैठने जा रही थीं, तब पैपराजी लगातार उनकी फोटो और वीडियो ले रहे थे। इस पर सोनाक्षी ने कार में बैठने से मना कर दिया और वहीं खड़ी रहीं।

उन्होंने पैपराजी से कहा, ''बस गाइज, अभी गाड़ी के अंदर नहीं आना है। हो गया। थैंक यू। बाय। गुड नाइट।''

जब इसके बाद भी फोटोग्राफर नहीं हटे, तो सोनाक्षी ने साफ कहा, ''जब तक आप नहीं जाओगे, मैं नहीं बैठूंगी।''

आखिरकार, जब पैपराजी पीछे हटे और रिकॉर्डिंग बंद की, तब जाकर सोनाक्षी अपनी कार में बैठीं।

### पहले भी जता चुकी हैं नाराजगी

यह पहली बार नहीं है जब सोनाक्षी ने पैपराजी को लेकर नाराजगी जताई हो। कुछ दिन पहले ही उन्होंने पैपराजी को फटकार लगाई थी, जब वे उनके माता-पिता शत्रुघ्न सिन्हा और पूनम सिन्हा के बहुत करीब आ गए थे और उन्हें कार में बैठने की जगह नहीं दे रहे थे। उस समय सोनाक्षी अपने पति जहीर इकबाल और माता-पिता के साथ डिनर के बाद बाहर निकली थीं।

### वर्कफ्रंट की बात करें तो

सोनाक्षी सिन्हा ने 2010 में सलमान खान के साथ फिल्म 'दबंग' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। इसके बाद वह 'राउडी राठौर', 'लुटेरा' और 'अकिरा' जैसी फिल्मों में नजर आईं।

हाल ही में वह प्राइम वीडियो की फिल्म 'सिस्टम' में दिखाई दी थीं, जिसे अश्विनी अय्यर तिवारी ने डायरेक्ट किया है और इसमें ज्योतिका और आशुतोष गोवारिकर भी अहम भूमिका में हैं। आने वाले समय में सोनाक्षी 'दहाड़' सीजन 2 में नजर आएंगी।

### यूट्यूब पर भी हैं एक्टिव

एक्टिंग के अलावा सोनाक्षी अपने यूट्यूब चैनल पर भी काफी एक्टिव हैं। उनके चैनल पर 1.1 मिलियन से ज्यादा सब्सक्राइबर्स हैं और उनके मेकअप व स्किनकेयर वीडियो को लाखों व्यूज मिलते हैं।





# ऋतिक ने पूरी की 'जेलर 2' में कैमियो की शूटिंग,

रजनीकांत इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'जेलर 2' को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म की अभी शूटिंग हो रही है। बताया जाता है कि बॉलीवुड स्टार ऋतिक रोशन इस फिल्म में कैमियो करने वाले हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ऋतिक रोशन ने फिल्म में अपने कैमियो की शूटिंग पूरी कर ली है।

### रजनीकांत के घर पर नजर आए ऋतिक

एक्स पर ओम नाम के एक वैरिफाइड यूजर ने एक तस्वीर शेयर की है। इसमें रजनीकांत और ऋतिक रोशन एक साथ नजर आ रहे हैं। ऐसा लगता है कि दोनों आपस में किसी मुद्दे पर बातें कर रहे हैं। तस्वीर शेयर करते हुए यूजर ने लिखा 'एक फ्रेम में दो दिग्गज। जेलर 2 में कैमियो की शूटिंग करने के बाद ऋतिक रोशन रजनीकांत के घर पर नजर आए।' इस पोस्ट को देखकर फैंस उत्साहित हैं। वह फिल्म का इंतजार कर रहे हैं।

### दमदार होगा ऋतिक का कैमियो

पिंकविला के मुताबिक नेल्सन दिलीप कुमार ने 'जेलर 2' में ऋतिक रोशन के लिए शानदार किरदार तैयार किया है। उनका एक दमदार सीक्वेंस है। इसके बाद रजनीकांत के साथ एक सीन है। यह एक दमदार कैमियो है, जिसे दर्शकों से तारीफ बटोरने के लिए डिजाइन किया गया है। उनका कैमियो फिल्म के एक अहम मोड़ पर आता है और कहानी को आगे बढ़ाने में बड़ी भूमिका निभाता है।

### 'जेलर' का सीक्वल है फिल्म

'जेलर 2', रजनीकांत की ब्लॉकबस्टर एक्शन एंटरटेनर फिल्म 'जेलर' का सीक्वल है। नेल्सन दिलीप कुमार के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में रजनीकांत मुथुवेल पांडियन के रूप में अपनी भूमिका दोहराएंगे। उम्मीद है कि यह सीक्वल पहली फिल्म की कहानी को आगे बढ़ाएगा। पहली फिल्म हिट रही थी।